रोहतक
सोमवार 18 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 103
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 44.0
न्यून. 20.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 प्रज्ञाननंदा ने खेला ड्रा बनाई संयुक्त बढ़त

मोदी की अपील के बाद सिस्टम में बदलाव जारी

## प्रदेश में अब फिजिकल नहीं, वीसी के जरिये होंगी बैठकें, मंत्रियों ने भी घटाए काफिले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सूबे में पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और खर्च घटाने की मुहिम ने जोर पकड़ लिया है। खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसकी पहल की है। अब बैठकों का दौर फिजिकल नहीं बल्कि वीसी के जरिये चलेगा। यहां पर बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच ईंधन बचाने की अपील की थी। इसके बाद हरियाणा में बदलाव का दौर चल रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपनी कारों का काफिला छोटा कर दिया है। दूसरी तरफ फिजिकल के स्थान पर वर्चुअल वीसी के जरिये बैठकें होंगी।



### वर्क फ्रॉम होम पर चल रहा विचार

सीएम और पीएम की अपील पर मंत्रियों ने भी बड़ी पहल भी है। कृष्ण पंवार ट्रेन से सफर कर रहे हैं। वहीं, लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा ने भी कटौती कर दी है। हरियाणा विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिढ़ा ने भी काफिला घटा दिया है। गंगवा ने 'पायलट व्हीकल' हटा दिया है। दोनों विभागों से तुरंत 17 गाड़ियां वापस लेने के आदेश दिए है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल दिल्ली से चंडीगढ़ की यात्रा शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन से कर रहे हैं। वहीं, हरियाणा पुलिस को सप्ताह में दो दिन साइकिल से ड्यूटी आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वर्क फ्रॉम होम और कुछ विशिष्ट विभागों के कर्मचारियों के लिए 'नो व्हीकल डे' पर विचार चल रहा है।

### सालाना 5.50 करोड़ का तेल होता है खर्च

सरकारी आंकड़ों पर गौर करें, तो हरियाणा में मुख्यमंत्री और मंत्री, ओएसडी और सीएमओ से जुड़े अफसर हर साल सरकारी गाड़ियों में लगभग 5.50 करोड़ का तेल खर्च होता है। यह खर्च 75 गाड़ियों, सरकार के 3 जहाजों का है। सैनी ने सुरक्षा काफिले में गाड़ियों की संख्या 8 से घटा 4 कर दी है। सीएम सैनी ने कहा है कि वे सप्ताह में एक दिन बिना गाड़ी के काम करेंगे। सीएम ने अफसरों, आम लोगों से अपील की है कि वे भी ज्यादा से ज्यादा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें।

## त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के 2 कोचों में आग लगी



### 15 मिनट में 68 यात्री निकाले, सभी सुरक्षित

**कोटा।** कोटा मंडल में त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस (12431) के 2 कोच में आग लग गई। हादसा रविवार सुबह करीब 5.15 बजे कोटा मंडल के लूणी रीछा-विक्रमगढ़ आलोट (मध्य प्रदेश) स्टेशन के बीच हुआ। आग ट्रेन के कोच नंबर बी-1 और उसके पीछे लगे सेकेंड लगेज कम गार्ड वैन में लगी थी। हादसे की जानकारी के बाद कोटा जंक्शन पर हूटर बजने लगे। राहत और बचाव टीम मौके के लिए रवाना हुई। सीनियर डिवीजनल कॉमर्शियल मैनेजर सौरभ जैन ने बताया कि कोच में 68 यात्री सवार थे। ट्रेन को रुकवाया गया। पैसेंजर्स को बाहर निकाला। करीब 15 मिनट में पूरा कोच खाली कराया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट की बैठक आज, कई फैसलों पर लगेगी मुहर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में 18 मई सोमवार की सुबह 10 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय के मुख्य सभा कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। मंत्री समूह की बैठक में नई औद्योगिक नीति को लेकर मंथन होगा। सबसे बड़ा एजेंडा 'हरियाणा औद्योगिक नीति 2026' के मूल ड्राफ्ट को मंजूरी देना है। वैट और टैक्स दरों में रियायत की भी संभावनाएं जताई जा रही है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा तैयार किए गए कुछ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होगी और इन्हें हरी झंडी मिल सकती है। *एजेंसी*

### बांके बिहारी मंदिर में 150 किलो दूषित पेड़ा जब्त

**मथुरा।** पुरुषोत्तम मास के पावन महीने में वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं की सेहत से खिलवाड़ करने की एक बड़ी साजिश को खाद्य सुरक्षा विभाग ने नाकाम कर दिया है। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन की टीम ने वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा 150 किलोग्राम दूषित पेड़ा पकड़ा है। जिसे मौके पर अधिकारियों ने नष्ट कराया। फ्लाइंग स्क्वॉड के सदस्य और खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने पेड़े का नमूना जांच के लिए भेज दिया। पेड़ों को नष्ट करा दिया गया। पेड़ों की अनुमानित कीमत 30 हजार बताई जा रही है। *एजेंसी*

### केरलम में मुख्यमंत्री समेत 21 बनेंगे मंत्री शपथग्रहण आज

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की नई सरकार में मुख्यमंत्री समेत 21 मंत्री बनेंगे। शपथ ग्रहण से पहले रविवार को 20 मंत्रियों के नाम फाइनल हुए। इनमें मुख्यमंत्री के अलावा 11 और मंत्री कांग्रेस से हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के 5 विधायकों को कैबिनेट में जगह दी गई है। केरल कांग्रेस, केरल कांग्रेस (जैकब), रेवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) और सीएमपी (कम्युनिस्ट मार्क्सिस्ट पार्टी) से 1-1 मंत्री बनेंगे। आईयूएमएल के मुताबिक पार्टी विधायक परक्कल अब्दुल्ला को 2.5 साल बाद कैबिनेट में शामिल किया जाएगा। यूडीएफ ने कांग्रेस विधायक तिरुवंचूर राधाकृष्णन को विधानसभा स्पीकर और शनीमोल उस्मान को डिप्टी स्पीकर बनाने का फैसला किया है।

### भारतीय ने किया 61 महिलाओं का शोषण

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में भारतीय मूल के मसाज थेरेपिस्ट सुमित रस्तोगी को 13 साल 10 महीने की सजा सुनाई गई है। उस पर मसाज के लिए आने वाले महिलाओं संग यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि उसका व्यवहार काबू से बाहर और शोषणकारी हो चुका था। दिल्ली से ऑस्ट्रेलिया जाकर बसे 39 वर्षीय सुमित सतीश रस्तोगी को 61 महिलाओं के यौन उत्पीड़न के मामले में अदालत ने 13 साल 10 महीने की जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उसके अपराधों को बेहद गंभीर बताते हुए कहा उसका व्यवहार अनकंट्रोल हो चुका था। *एजेंसी*

## नौतपा से पहले ही तपा हरियाणा, तेज धूप और गर्म हवाओं ने झुलसाया

# 21 जिलों में 40° से अधिक पारा

### 22 किमी की रफ्तार से चल रही हीटवेव

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

मई माह के दूसरे पखवाड़े में गर्मी ने प्रचंड रूप धारण करना शुरू कर दिया है। गर्मी के कारण दोपहर के समय बाजार से लेकर सड़कों तक पर कर्फ्यू जैसा नजारा दिखाई देता है। बारिश की जल्द संभावना नहीं होने से लोगों को कुछ दिन तक लू के भारी प्रकोप का सामना करना पड़ सकता है। रविवार को प्रदेश के 21 जिलों में तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसाकर रख दिया है। लगभग 22 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली हवाओं ने लू का रूप धारण कर लिया। हवा में नमी का स्तर कम होकर 22 प्रतिशत पर आ गया है। गत वर्ष की तुलना में तापमान कम चल रहा है, लेकिन भारी गर्मी का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। गत वर्ष 17 मई को अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री और न्यूनतम 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

44 डिग्री के साथ सिरसा रहा सबसे गर्म
●
अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं
●
लोगों को दोपहर में धूप से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह



**आगे ऐसा रहेगा मौसम :** मौसम विभाग के अनुसार 18 और 19 मई को दक्षिण और पश्चिम हरियाणा के जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। विभाग ने अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अनुमान जताया है। वहीं, 25 मई से 2 जून तक नौपता रहेगा। इन नौ दिनों में साल में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है।

**यहां चलेगी लू :** 18 और 19 मई को रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी, गुरुग्राम, नूंह और पलवल में लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है।

### बढ़ेगा रात का पारा

मौसम विभाग के अनुसार कुछ दिनों तक मौसम शुष्क बना रह सकता है। आने वाले दिनों में रात का पारा बढ़ने की संभावना है। रविवार की रात से ही न्यूनतम तापमान भी बढ़ना शुरू हो जाएगा, जिससे सुबह के समय भी लोगों को गर्मी का अहसास होगा।

### हीट स्ट्रोक के बढ़ रहे मरीज

लू का प्रकोप बढ़ने से हीट स्ट्रोक के मरीज बढ़ने लगे है। हीटस्ट्रोक एक जानलेवा चिकित्सीय आपात स्थिति है, जिसमें शरीर का मुख्य तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है। इसके साथ ही भ्रम, अस्पष्ट वाणी या दौरे जैसे तंत्रिका संबंधी परिवर्तन भी होते हैं। हीट स्ट्रोक की अनदेखी जानलेवा भी साबित हो सकती है।

### पारा मीटर

| स्थान | पारा | | |
|---|---|---|---|
| करनाल | 40.1 | अंबाला | 40.8 |
| चंडीगढ़ | 40.3 | झज्जर | 40.9 |
| चरखी दादरी | 40.4 | जींद | 41.4 |
| रेवाड़ी | 40.4 | नूंह | 41.8 |
| सोनीपत | 40.5 | हिसार | 42.4 |
| गुरुग्राम | 40.6 | नारनौल | 42.5 |
| पलवल | 40.6 | रोहतक | 42.8 |
| | | सिरसा | 44.0 |

### महाराष्ट्र का अमरावती-वर्धा देश में सबसे गर्म, तापमान 46° सेल्सियस

**नई दिल्ली।** पश्चिम में राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र-विदर्भ से लेकर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत 8 राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इन इलाकों में पारा लगातार 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है। दिन के साथ रातें भी गर्म हो रही हैं। महाराष्ट्र के अमरावती और वर्धा देश के सबसे गर्म शहर रहे। दोनों शहरों का तापमान 46 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। यूपी के बांदा, मध्य प्रदेश का नौगांव और खंडवा में भी पारा 44 डिग्री से ज्यादा रहा। इधर, गुजरात के एकता नगर में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास बनी जंगल सफारी (सरदार पटेल जूलॉजिकल पार्क) में जानवरों और पक्षियों के लिए एसी, कूलर और स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। वडोदरा के सायाजीबाग जूलॉजिकल पार्क ने जानवरों और पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए ठंडक के कई इंतजाम किए हैं। इनमें पानी का छिड़काव, बर्फ के टुकड़े, फॉगर शामिल हैं।

8 राज्यों में पारा 40° पार, गुजरात की जंगल सफारी में जानवरों के लिए एसी-स्प्रिंकलर लगाए

## ईरान पर शक, बढ़ सकता है तनाव

# यूएई के न्यूक्लियर प्लांट पर ड्रोन से किया हमला

एजेंसी ▶▶| तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

यूएई के अल धफरा इलाके में स्थित बराकाह न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट के बाहर ड्रोन हमले के बाद एक बिजली जनरेटर में आग लग गई। अबू धाबी मीडिया ऑफिस के मुताबिक इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। साथ ही न्यूक्लियर प्लांट की सुरक्षा और रेडिएशन स्तर पर भी कोई असर नहीं पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक, प्लांट की सभी जरूरी मशीनें और सिस्टम सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन या देश ने नहीं ली है, लेकिन ईरान पर शक जताया जा रहा है। हाल के दिनों में ईरान लगातार यूएई को धमकी देता रहा है। युद्ध के दौरान यूएई में इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम और अमेरिकी सैनिक मौजूद थे। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने तेहरान में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से मुलाकात की। तेहरान स्थित पाकिस्तानी दूतावास ने इसकी जानकारी दी। मोहसिन नकवी शनिवार को ईरान पहुंचे थे। इस हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को धमकी दी और कहा कि यदि वह जल्दी कदम नहीं उठाएगा तो सब कुछ तबाह कर देंगे।

ट्रंप की धमकी सब कुछ तबाह कर देंगे

### एलपीजी टैंकर होर्मुज पार कर भारत पहुंचा



ईरान जंग के बीच एक और एलपीजी टैंकर होर्मुज पार कर भारत पहुंच गया है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला टैंकर 'सिमी' 20 हजार टन एलपीजी लेकर गुजरात के कांडला पोर्ट पहुंचा। जंग शुरू होने के बाद अब तक 15 एलपीजी जहाज भारत पहुंच चुके हैं। टैंकर 'सिमी' ने 13 मई को होर्मुज स्ट्रेट पार किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत आने वाला एलपीजी जहाज 'एमवी सनशाइन' भी हाल ही में सुरक्षित तरीके से होर्मुज पार कर चुका है।

*सीबीएसई ओएसएम मार्किंग विवाद, शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों को दिया तोहफा*

## पुनर्मूल्यांकन में नंबर बढ़े तो छात्रों की फीस माफ



**नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) प्रणाली से अंकों पर असर पड़ने की चिंताओं को रविवार को खारिज किया और पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तर पुस्तिका सत्यापन शुल्क घटाकर 100-100 रुपये करने की घोषणा की। शिक्षा मंत्रालय ने ने कहा कि अगर आपको लगता है कि आपके नंबर गलत आए हैं, तो शिक्षा मंत्रालय ने अब आपको पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने की सुविधा दे रहा है। अगर समीक्षा के बाद आपके अंक बढ़ जाते हैं, तो आपका शुल्क वापस कर दिया जाएगा। कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि इस पूरी प्रक्रिया में सटीकता और निष्पक्षता, दोनों ही सबसे महत्वपूर्ण हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला विद्यार्थियों की चिंता कम करने के लिए लिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ओएसएम पूरी तरह त्रुटिरहित है और पारदर्शी मूल्यांकन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली पद्धति है।

## दिल्ली में सीएनजी के दाम एक रुपया प्रति किलो बढ़े



तीन दिन में दूसरी बार बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली में आम जनता पर महंगाई की चौतरफा मार पड़ी है। 15 मई को एक तरफ जहां पेट्रोल व डीजल की कीमतों में 3 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी, वहीं दूसरी तरफ सीएनजी के दामों में भी लगातार इजाफा हो रहा है। दिल्ली में महज तीन दिनों के भीतर सीएनजी की कीमतों में दो बार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 15 मई को 2 रुपये और रविवार 17 मई 2026 को 1 रुपया प्रति किलो सीएनजी के दाम में बढ़ोतरी की गई। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल-डीजल के झटके के बीच सीएनजी की कीमतों ने भी आम आदमी की परेशानी को बढ़ा दिया है।

सरकार ने जंग के लिए तैयार रहने को कहा

## ईरान के बाद क्यूबा पर अमेरिकी हमले का खतरा

एजेंसी ▶▶| हवाना

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जॉन रैटक्लिफ की हवाना यात्रा के बाद क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ गई है। क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी हैं। देशभर में लोगों को गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग दी जा रही है और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। हवाना में कई सरकारी इमारतों को संभावित अमेरिकी हमले की स्थिति में तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। क्यूबा लंबे समय से अमेरिकी तेल नाकेबंदी और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में बिजली कटौती, ईंधन संकट और जरूरी सामानों की कमी बनी हुई है।

### ...एक और संकट

लोगों को गुरिल्ला लड़ाई सिखा रहे आपात स्थिति के लिए तैयार होने को कहा, क्यूबा अमेरिकी तेल नाकेबंदी व आर्थिक दबाव का सामना कर रहा

### आम नागरिकों को सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा

क्यूबा के सरकारी मीडिया में आम नागरिकों को सैन्य प्रशिक्षण लेते हुए दिखाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, लोगों को पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो की 'पूरी आबादी की लड़ाई' की रणनीति के तहत गुरिल्ला युद्ध सिखाया जा रहा है। कुछ वीडियो में सैनिक पुराने सोवियत हथियारों के साथ अभ्यास करते दिखाई दिए। एक वीडियो में एंटी-एयरक्राफ्ट गन को बैलों से खींचते हुए भी दिखाया गया।

न्याय व्यवस्था को मजबूती मिलेगी

## सुप्रीम कोर्ट में अब सीजेआई समेत 38 जज, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

### अदालत में लंबित मामलों में आएगी कमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश की न्याय व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रपति ने 'सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026' जारी किया है, जिसके तहत अब सुप्रीम कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 33 से बढ़ाकर 37 कर दी गई है। इसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश यानी चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया शामिल नहीं हैं। उन्हें मिलाकर 38 जज हो गए हैं। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के बढ़ते बोझ को कम करना और लोगों को तेजी से न्याय दिलाना है। माना जा रहा है कि जजों की संख्या बढ़ने से मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी और लंबे समय से लंबित केसों का निपटारा जल्दी हो सकेगा। केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की।

## 8 वर्ष बाद स्वीडन दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी, हुआ भव्य स्वागत

# व्यापार, तकनीक, ग्रीन एनर्जी जैसे बड़े समझौते होने की उम्मीद

**एम्सटर्डम (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच देशों की विदेश यात्रा के दूसरे चरण में रविवार को स्वीडन पहुंचे, जहां स्वीडिश हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही वहां की वायुसेना के अत्याधुनिक 'ग्रिपेन' लड़ाकू विमानों ने उनके विमान को अपने सुरक्षा घेरे में ले लिया। हवाई अड्डे पर स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने खुद मौजूद रहकर पीएम मोदी का बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं, गुटेनबर्ग की सड़कों पर प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा इलाका मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। स्वीडिश प्रधानमंत्री के विशेष निमंत्रण पर हो रहे इस दो दिवसीय दौरे में दोनों नेता द्विपक्षीय व्यापार, तकनीक, रक्षा, ग्रीन एनर्जी, एआई जैसे कई बड़े क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर उच्च स्तरीय चर्चा करेंगे। इस दौरान कई महत्वपूर्ण समझौते भी होने की उम्मीद है। *(संबंधित पेज 8 पर)*

### भारतीय प्रवासियों ने लगाए मोदी-मोदी के नारे

### दिखा भारी उत्साह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वीडन दौरे को लेकर वहां रह रहे भारतीय प्रवासियों में भारी उत्साह है। गुटेनबर्ग में रहने वाले भारतीय समुदाय के एक नागरिक ने खुशी जताते हुए कहा कि जब पीएम मोदी कार्यक्रम में आए तो उस कमरे में एक अलग ही आभा थी, जिसके लिए वे स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के बेहद आभारी हैं और उनका मानना है कि दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए भविष्य में भी ऐसी द्विपक्षीय यात्राएं अक्सर होनी चाहिए।



### मोदी स्वीडन के प्रतिष्ठित सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार' से सम्मानित

मोदी को स्वीडन के प्रतिष्ठित सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार' से सम्मानित किया गया। यह स्वीडन द्वारा किसी राष्ट्राध्यक्ष को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। 'रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार' मोदी को मिला 31वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि स्वीडन की क्राउन प्रिंसेज विक्टोरिया ने मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को मान्यता देते हुए उन्हें 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से सम्मानित किया।

# जातिवाद और नफरत से दूर रहकर भाईचारा मजबूत करें : कैप्टन अभिमन्यु

■ पूर्व वित्तमंत्री ने मनाना में भाईचारा स्नेह मिलन समारोह को संबोधित किया ■ समाज को बांटने वाली राजनीति हरियाणा की संस्कृति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने रविवार को पानीपत के गांव मनाना स्थित ताऊ देवी लाल मेमोरियल कॉलेज में आयोजित भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नौकरियों में पर्ची-खर्ची के पुराने दौर को लेकर विपक्ष को घेरते हुए युवाओं को सोशल मीडिया पर फैल रहे जातिवाद और अभद्र भाषा से दूर रहने की सलाह दी। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि एक-दूसरे के घर जलाने और समाज को बांटने की राजनीति हरियाणा की संस्कृति नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज में भाईचारा और आपसी सम्मान हमेशा से हरियाणा की पहचान रहे हैं। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि एक-दूसरे के घरों को जलाना और बर्बाद कर देने की यह राजनीति आखिर हरियाणा में कहां से आ गई। यह तो मुगलों की संस्कृति थी कि बेटा पिता को मार दे और पिता बेटे को मार दे। हमने मुगलों की संस्कृति को कब से अपना लिया। यह हमारे संस्कारों और हमारे समाज का हिस्सा कभी नहीं था। नौकरियों में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर निशाना साधते हुए उन्होंने बिना किसी पार्टी का नाम लिए कहा कि कुछ लोग आज भी खुलेआम पर्ची के आधार पर नौकरी देने की बात करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि पर्ची पर नौकरी देना सही था, तो फिर इसी मामले में पूर्व एक पूर्व मुख्यमंत्री को जेल क्यों जाना पड़ा। सोशल मीडिया पर बढ़ती जातीय टिप्पणियों और अभद्र भाषा पर चिंता जताते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आजकल जो जितनी ज्यादा गंदी भाषा बोलता है, उसे उतना ही अधिक सुना जाता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि ऐसे लोगों से दूरी बनाकर रखें और समाज में भाईचारे तथा सकारात्मक माहौल को मजबूत करें।

■ नौकरियों में पर्ची-खर्ची को लेकर विपक्ष पर बरसे कैप्टन अभिमन्यु



पानीपत। भाईचारा स्नेह मिलन समारोह को संबोधित करते कैप्टन अभिमन्यु।




पानीपत। भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु को सम्मानित करते कार्यक्रम के आयोजक।

### 36 बिरादरी का भाईचारा ही हरियाणा की असली ताकत

कैप्टन अभिमन्यु ने भावुक होते हुए कहा कि मेरे सीने में बहुत से तूफान हैं, जिन्हें एक बार में निकालना मुश्किल है। उन्होंने बुजुर्गों से आशीर्वाद और युवाओं से साथ मांगते हुए कहा कि मैं आज आपके बीच यही निवेदन करने आया हूं कि आइए, हम सब मिलकर अपने हरियाणा की 36 बिरादरी के भाईचारे को फिर से कायम करें और सर्व समाज की शक्ति को स्थापित करें।

## खबर संक्षेप

### किन्नू उत्पादकों को मिलेगा सही मूल्य : शर्मा

**चंडीगढ़- सिरसा।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा एग्रो इंडस्ट्री और डेयरी फेडरेशन मिलकर सिरसा स्थित वीटा प्लांट परिसर में अत्याधुनिक किन्नू जूस प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने जा रहे हैं। इससे सिरसा व आसपास के क्षेत्रों के किन्नू उत्पादकों को उनकी फसल का बेहतर मूल्य मिलेगा तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त जूस उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि पीपीपी मोड पर स्थापित होने वाले इस प्लांट के लिए निजी क्षेत्र के निवेशकों से प्रस्ताव मांगे गए हैं।

### नारद जयंती पर संगोष्ठी में किया मंथन

**पंचकूला।** विश्व संवाद केंद्र हरियाणा तथा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में नारद जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता और समाज परिवर्तन में मीडिया की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। विश्व संवाद केंद्र के सचिव राजेश कुमार ने कहा कि पत्रकारिता जटिल बातों को सरल बना देने की कला है। पत्रकारिता का मूल स्वरूप सरल, स्पष्ट और सरस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही और उन्होंने समाज में 'स्व' का भाव जागृत किया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. जेपी सिंह ने कहा कि देवर्षि नारद के संचारी मूल्य सार्वकालिक हैं और आज भी उनकी प्रासंगिकता बनी हुई है।

### टेलीग्राम टास्क के नाम पर 3.22 लाख की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने टेलीग्राम टास्क के जरिए ठगी करने के मामले में राजस्थान के फलोदी निवासी महेंद्र को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। एनआईटी-5 निवासी पीड़ित को व्हाट्सएप लिंक भेजकर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया था, जहां टास्क पूरा कर मुनाफा कमाने का लालच देकर उससे 3.22 लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए गए। जांच में सामने आया कि आरोपी ने एक महिला का बैंक खाता लेकर ठगों को उपलब्ध कराया था। आरोपी आठवीं पास है और टेलर का काम करता है। अदालत में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया।

### शेयर मार्केट निवेश के नाम पर 6.60 लाख की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 6.60 लाख रुपये की ठगी के मामले में वाराणसी निवासी अभिषेक पटेल को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-8 निवासी पीड़ित को फेसबुक विज्ञापन के जरिए व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर निवेश का झांसा दिया गया। ठगों ने एक एप डाउनलोड कराकर विभिन्न खातों में 6,60,500 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। ट्रेडिंग अकाउंट में 30 लाख रुपये दिखाकर और पैसे जमा कराने का दबाव बनाया गया। जांच में पता चला कि आरोपी ने बैंक खाता ठगों को उपलब्ध कराया था। अदालत ने आरोपी को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

अंबाला के शहजादपुर में महाराणा प्रताप जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री की घोषणा

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बनेगा महाराणा प्रताप अध्ययन केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को अंबाला के शहजादपुर में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में कई बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप के नाम पर अध्ययन केंद्र और चेयर स्थापित की जाएगी। साथ ही बड़ागढ़ स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय का नाम बदलकर महारानी पद्मावती राजकीय महाविद्यालय रखा जाएगा। मुख्यमंत्री यहां संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये, राजपूत छात्रावास के निर्माण कार्य के लिए 31 लाख रुपये तथा शहजादपुर के कच्चे नाले को पक्का करवाने की घोषणा भी की।

■ बड़ागढ़ महिला कॉलेज का नाम अब महारानी पद्मावती के नाम पर होगा

■ मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की नवीकृत प्रतिमा का किया अनावरण

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की नवीकृत प्रतिमा का अनावरण किया। समारोह में विजय कुमार सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप ऐसे महान योद्धा थे, जिनका नाम लेते ही रोम-रोम में देशभक्ति की लहर दौड़ने लगती है। उनका नाम सुनते ही हृदय गर्व से और आंखें श्रद्धा से भर जाती हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म ऐसे समय में हुआ था, जब भारतीय समाज पर अन्याय और अत्याचार की घोर घटा छाई हुई थी तथा हमारी गौरवशाली संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा था।



### अनेक बार दुश्मनों को धूल चटाई

उन्होंने कहा कि राजपूत केवल एक जाति नहीं, बल्कि न्याय और सच्चाई का प्रतीक है। इस समाज ने देश को महान शासक दिए हैं और राष्ट्र की आन-बान-शान की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें सिखाता है कि जब तक स्वाभिमान जीवित है, तब तक आत्मा जीवित है। देश की सभ्यता और संस्कृति की रक्षा के उनके सिद्धांत आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनकी बहादुरी से प्रेरित होकर हमारी सेनाओं ने अनेक बार दुश्मनों को धूल चटाई है।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा भारत

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है और उसकी शक्ति का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। यह वही भारत है, जिसका सपना महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों ने देखा था। मिजोरम के राज्यपाल विजय कुमार सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज, प्रदेश और देश का उत्थान संभव है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की युद्धनीति बेजोड़ थी और उनसे हमें कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य व संघर्ष का पाठ सीखना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता कर रहे श्याम सिंह राणा ने महाराणा प्रताप, उनके घोड़े और हाथी के शौर्य, वीरता और त्याग का विस्तार से वर्णन किया।



### अग्रवाल समाज का इतिहास गौरव व गरिमा से परिपूर्ण

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अग्रवाल समाज का इतिहास गौरव और गरिमा से परिपूर्ण रहा है। महाराजा अग्रसेन ने समाज को नई दिशा देने का काम किया और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक व प्रेरणादायी हैं। मुख्यमंत्री रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-17 स्थित सर्कस ग्राउंड में अखिल भारतीय अग्रवाल मैत्री संघ द्वारा आयोजित अग्र समाज के 5143वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी से लेकर आर्थिक मजबूती तक अग्र समाज हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहा है। व्यापार, उद्योग और युवाओं को रोजगार देने में इस समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के "एक रुपया, एक ईंट" सिद्धांत ने समाज को आत्मनिर्भरता और सहयोग का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर काम कर रही है।

## जनगणना कार्य ने पकड़ी रफ्तार, कई जिलों में हाउस लिस्टिंग शुरू



**चंडीगढ़।** हरियाणा में जनगणना-2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना (एचएलओ) कार्यों में तेजी आई है। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में हाउस लिस्टिंग गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। अनुराग रस्तोगी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल आयुक्तों, उपायुक्तों, नगर निगम आयुक्तों, जिला शिक्षा अधिकारियों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जनगणना कार्य की प्रगति और तैयारियों का जायजा लिया गया। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध और जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना नीति निर्माण, विकास योजनाओं, संसाधनों के आवंटन और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनगणना ड्यूटी में लापरवाही या असहयोग करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जनगणना संचालन निदेशक डॉ. ललित जैन ने बताया कि राज्य में कुल हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स में से 97 प्रतिशत से अधिक में कार्य शुरू हो चुका है। यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, फतेहाबाद, हांसी, चरखी दादरी और फरीदाबाद जिलों में हाउस लिस्टिंग गतिविधियां शत-प्रतिशत शुरू हो चुकी हैं।

■ जनगणना कार्य में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : रस्तोगी

### मेधावी विद्यार्थियों को सीएम ने दी बधाई

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड में टॉप करने वाले मेधावी बच्चों ने फोन पर बात कर उन्हें बधाई दी। शानिवार देर रात सीएम आवास से ही सीएम ने स्टाफ से कहकर 10वीं और 12वीं के टॉपर्स के घर फोन मिलवाया। इसके बाद सीएम सैनी ने मेधावियों से बोले, परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक छात्र-छात्रा को हरियाणा सरकार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सभी मेधावी विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए कहा, हरियाणा सरकार हर कदम पर अपनी युवा शक्ति के साथ है। बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में महेंद्रगढ़ (नांगल चौधरी) के दीपांशु ने राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने कुल 500 में से 498 अंक प्राप्त किए हैं। दीपांशु बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भुंगारका के छात्र हैं और वे इस मेरिट लिस्ट में एकमात्र लड़के हैं। दीपांशु ने अपनी शानदार सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।

### विकास व सुरक्षा पर सरकार का फोकस : बेदी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि शिक्षा, सुरक्षा और विकास राज्य सरकार का मुख्य विजन है और इसी फोक्स पर निरंतर काम किया जा रहा है। शिक्षा के संसाधनों का ग्रामीण आंचल तक विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आधारभूत ढांचा की मजबूती को प्राथमिकता दी जा रही है। सुरक्षा के माहौल में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की तरक्की सुनिश्चित हो, सरकार इसके लिए कटिबद्ध है। बेदी रविवार को नरवाना के गांव हरनामपुरा में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फिरनी से दादा खेड़ा तक एचआरडीएफ के अंतर्गत 12 लाख रुपए से बनी गली का उद्घाटन भी किया। उन्होंने लोन माइनर से गांव में पीने के पानी की पाईपलाइन बिछाने की भी घोषणा की। इस पर करीब 18 लाख रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा दादा खेड़ा प्रांगण में 18 लाख 50 हजार रुपए की लागत शैड निर्माण तथा ग्राम पंचायत की मांग पर गांव में विभिन्न 6 गलियों के निर्माण के लिए भी कहा।

### राजनीति में 'संन्यास' पर छिड़ी सियासी जंग

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बीच राजनीति से संन्यास को लेकर सियासी तकरार तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को करनाल में हुड्डा को सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की सलाह दी, जिसके बाद हुड्डा ने भी पलटवार किया। मनोहर लाल ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा उनसे उम्र में बड़े हैं और जब वह उनकी उम्र में पहुंचेंगे तो उन्हें किसी के कहने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि वह स्वयं राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने कहा कि पुरानी पीढ़ी के हटने पर ही नई पीढ़ी को आगे आने का अवसर मिलेगा। निकाय चुनावों में कांग्रेस की हार का जिक्र करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रदेश में वापसी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को नई सोच और नई पीढ़ी की जरूरत है। इसके जवाब में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मनोहर लाल जो सलाह उन्हें दे रहे हैं, वह वास्तव में खुद के लिए अधिक उपयुक्त है। हुड्डा ने कहा कि मनोहर लाल के कार्यकाल में हरियाणा का नुकसान हुआ और अब उन्हें दूसरों को सलाह देने की बजाय स्वयं राजनीति से संन्यास लेने पर विचार करना चाहिए। हुड्डा की उम्र 78 वर्ष और मनोहर लाल की उम्र 72 वर्ष है। दोनों ही नेता लगातार राजनीतिक गतिविधियों और जनसभाओं में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 38 फीसदी गिरावट : डीजीपी

# 94 हजार से अधिक महिलाओं की रियल टाइम यात्रा निगरानी कर रही पुलिस


डायल-112 और दुर्गा शक्ति एप से महिलाओं को मिल रही त्वरित सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 38 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में दर्ज 13,945 मामलों की तुलना में 2025 में यह संख्या घटकर 8,723 रह गई है। डायल-112 सेवा के तहत 94 हजार से अधिक कामकाजी महिलाएं और छात्राएं पंजीकृत हैं। ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के जरिए महिलाएं अपनी यात्रा की जानकारी राज्य आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र के साथ साझा कर सकती हैं। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण, समानता और सम्मान के साथ महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रहे हैं।

■ राज्यभर में 33 महिला पुलिस थाने और 365 महिला हेल्प डेस्क कार्यरत

### परिवहन मार्गों की लगातार निगरानी



फरवरी माह में इमरजेंसी रिस्पांस वाहनों का औसत रिस्पांस टाइम 9 मिनट 32 सेकंड दर्ज किया गया। इसके अलावा, दुर्गा शक्ति मोबाइल ऐप महिलाओं को एक बटन दबाते ही हरियाणा-112 से जोड़ता है। वहीं दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स की 24 कंपनियां और 50 गश्ती वाहन सार्वजनिक स्थानों व परिवहन मार्गों पर लगातार निगरानी कर रहे हैं। महिलाओं से जुड़े मामलों की तेज सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था भी लागू की गई है। अनुसूचित जाति और जनजाति की पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है तथा पुलिस मुख्यालय में एडीजीपी स्तर के अधिकारी की निगरानी में समर्पित मॉनिटरिंग सेल कार्यरत है।

### अपराधों पर नकेल

आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021 में बलात्कार के 1,716 मामले दर्ज हुए थे, जो 2025 में घटकर 1,033 रह गए। वहीं प्रति लाख महिला आबादी पर अपराध दर 12.33 से घटकर 7.06 हो गई है। इसी अवधि में अपहरण के मामले 2,958 से घटकर 1,249 रह गए, जबकि पारिवारिक क्रूरता के मामलों में भी कमी दर्ज की गई है। हरियाणा पुलिस के अनुसार, महिलाओं की आबादी बढ़ने के बावजूद अपराधों में कमी आई है।

### 98 प्रतिशत मामलों का निपटारा किया

महिलाओं से जुड़े मामलों में 98 प्रतिशत निपटारे ने पुलिस का मनोबल बढ़ाया है। बलात्कार और छेड़छाड़ जैसे गंभीर अपराधों में भी पिछले पांच वर्षों में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। राज्यभर में 33 महिला पुलिस थाने और 365 महिला हेल्प डेस्क कार्यरत हैं, जहां वैवाहिक विवाद, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और बाल विवाह से जुड़े मामलों में गोपनीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। वन स्टॉप सेंटर परामर्श और कानूनी सहायता भी प्रदान कर रहे हैं।

## नए वाहनों की खरीद में मनमानी पर सरकार सख्त

**चंडीगढ़।** सरकार की अनुमति के बिना नए वाहनों की खरीद पर प्रतिबंध होने के बावजूद कुछ विभागों में नियमों को दरकिनार कर सरकारी वाहन खरीदे जाने के मामले सामने आए हैं। इस पर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव स्तर पर मामले का संज्ञान लेते हुए सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब नए या प्रतिस्थापन सरकारी वाहनों की खरीद केवल मुख्य सचिव कार्यालय की आरवीए शाखा की अनुमति से ही की जा सकेगी। यह नियम सभी बोर्ड-निगमों, सरकारी कंपनियों, सहकारी संस्थाओं और स्वायत्त निकायों पर भी लागू होगा। जारी निर्देशों में कहा गया है कि वित्त विभाग द्वारा 9 मई 2013 को जारी आदेश के अनुसार कंडम घोषित वाहनों के प्रतिस्थापन को छोड़कर नए वाहनों की खरीद पर पहले से ही प्रतिबंध है। इसके अलावा एक जनवरी 2016 को भी स्पष्ट किया जा चुका है कि वित्त विभाग किसी नए वाहन की स्वीकृति नहीं देगा। इसके बावजूद कुछ विभागों द्वारा संबंधित अधिकारियों की निर्धारित वित्तीय सीमा से अधिक वाहन खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है। इसे रोकने के लिए सरकार ने सभी विभागों को 15 दिनों के भीतर अनुपालन प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिए हैं। प्रमाण पत्र में यह स्पष्ट करना होगा कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निर्धारित अधिकार सीमा से अधिक कोई सरकारी वाहन नहीं खरीदा गया है।

■ सरकारी विभागों को 15 दिन में देना होगा अनुपालन प्रमाण पत्र

### समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : गोयल

**चंडीगढ़।** राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद के सेक्टर-7 स्थित जनकल्याण मंदिर में विभिन्न विकास कार्यों का नारियल तोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस विकास कार्यों पर लगभग पौने दो करोड़ रुपये लगता का खर्चा आएगा। गोयल ने आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार फरीदाबाद के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सेक्टर-7, 8, 9, 10 एवं आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-7 फरीदाबाद का सबसे पुराना सेक्टर है और वर्षों से यहां जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई थी। इस समस्या को दूर करने के लिए पहले भी ड्रेनेज लाइन डालकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई थी और अब लगभग 1.20 करोड़ की लागत से नई ड्रेनेज लाइन डालने का कार्य शुरू किया गया है।

## खबर संक्षेप

### हैंड ग्रेनेड मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के शाहबाद में स्कोडा कार से मिले हैंड ग्रेनेड मामले में एसटीएफ ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पिहोवा निवासी बलजीत और ठोल गांव के चंद्रपाल के रूप में हुई है। जांच में खुलासा हुआ कि दोनों शाहबाद-लाडवा रोड स्थित गुप्ता ईंट भट्ठे के पास झाड़ियों में हैंड ग्रेनेड छिपाने का काम करते थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि विदेश में बैठे आकाओं के निर्देश पर कई बार इसी स्थान पर ग्रेनेड छिपाए गए और बाद में उठाए भी गए।पुलिस के अनुसार विदेश से मैसेज के जरिए लोकेशन भेजी जाती थी। उसी आधार पर झाड़ियों में ग्रेनेड रखे जाते थे। जांच में सामने आया कि नोनी राणा ने एक ग्रेनेड उठाकर अपनी वर्कशॉप में खड़ी स्क्रैप स्कोडा कार के डैशबोर्ड में छिपा दिया था।

### अंबाला: स्टेशन से अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**अंबाला।** जीआरपी ने कैंट स्टेशन परिसर से एक अपहरणकर्ता को पकड़ा है। आरोपी की पहचान बिहार के पूर्णिया के प्रकाश के तौर पर हुई है जोकि पिहोवा में एक किसान के खेतों में श्रमिक के तौर पर काम करता था। प्रकाश शनिवार तड़के ही पिहोवा से अपने साथी श्रमिक की मासूम बच्ची को अगवा कर भागा था। इस संबंध में पिहोवा थाने में पीड़ित पिता की तरफ से शिकायत दर्ज करवाई गई थी। इस कार्रवाई में जीआरपी में तैनात होमगार्ड के जवानों ने मुख्य भूमिका निभाई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बहादुरगढ़: झगड़े में फोड़ा युवक का सिर

**बहादुरगढ़।** शहर के बादली रोड पर हुए झगड़े में एक युवक के सिर पर चोट मार कर घायल कर दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में पालिका कॉलोनी निवासी दीपक ने बताया कि उसका छोटा भाई नीरज अपने दोस्त दीपक के साथ बर्थडे पार्टी से लौट रहा था। प्रीतम कॉलोनी के नजदीक वसीम के साथ उनका झगड़ा हो गया। वसीम ने ईंट पत्थर से नीरज के सिर में चोट मार दी। दीपक घायल नीरज को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचा। जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दीपक की शिकायत के आधार पर आरोपी वसीम के विरुद्ध बीएनएस की धारा 126(2), 351(3) और 115 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### एक सप्ताह में 29 साइबर अपराधी पकड़े

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार प्रभावी कार्रवाही की जा रही है। 9 से 15 मई के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने 29 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 11,40,000 रुपये बरामद किये हैं। फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 8 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 29 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 5 व सेंट्रल के 3 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 11,40,000 रुपये बरामद किये हैं। 182 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

## झज्जर: सोशल मीडिया पोस्ट से पूरे क्षेत्र में फैली दहशत

# हितेश हत्याकांड की जिम्मेदारी गोदारा गैंग ने ली, कहा-भाई पर फायरिंग का लिया बदला

- शुक्रवार को चार हमलावरों ने कार के पास पहुंचकर ताबड़तोड़ 15 गोलियां मारीं थी
- पुलिस ने गैंगवार एंगल से किया इनकार, तीन टीमें जांच में जुटीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


शुक्रवार देर रात क्षेत्र के गांव सुबाना में हितेश की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर रोहित गोदारा गैंग ने जिम्मेदारी ली है। इसके बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। फेसबुक पर 'रोहित गोदारा ग्रुप' नाम के अकाउंट से डाली गई पोस्ट में लिखा गया कि हरियाणा के सुबाना गांव में हितेश उर्फ गोलू की हत्या की जिम्मेदारी वे लेते हैं। पोस्ट में दावा किया गया कि हितेश ने उनके भाई प्रदीप और उसके भाई फौजी पर फायरिंग की थी, इसलिए प्रदीप और उसके साथियों ने उसकी हत्या की है। साथ ही पोस्ट में अन्य लोगों को भी धमकी दी गई है। हालांकि पुलिस ने इस पोस्ट और गैंगवार की बात को सिरे से खारिज किया है। पुलिस की तीन टीमें विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही हैं। पुलिस का कहना है जल्द खुलासा किया जाएगा।



मृतक हितेश का फाइल फोटो।



झज्जर। सीसीटीवी में कैद हुई वारदात।




सोशल मीडिया पर वायरल हुई पोस्ट। फोटो : हरिभूमि

### ताबड़तोड़ फायरिंग कर वारदात को अंजाम दिया

हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पोस्टमार्टम के दौरान किए गए एक्सरे में एक गोली मृतक के शरीर के अंदर धंसी हुई मिली, जबकि 14 गोलियों के निशान शरीर पर पाए गए। इस तरह कुल मिलाकर हितेश को करीब 15 गोलियां लगने की बात सामने आई है, जिससे वारदात की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### चचेरे भाई की शिकायत पर मामला दर्ज

पुलिस को दी शिकायत में यतेंद्र पुत्र बलजीत निवासी सुबाना ने बताया कि शुक्रवार रात करीब सवा दस बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था। उसका चाचा का लड़का हितेश घर के सामने खड़ी गाड़ी को अंदर करने के लिए ड्राइविंग सीट पर बैठा था, जबकि दीपक पुत्र रणबीर निवासी सुबाना उसके साथ कंडक्टर सीट पर बैठा था। इसी दौरान बाबेपुर गांव की ओर से एक कार वहां आकर रुकी और उसमें सवार चार युवकों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं, जिससे हितेश की मौके पर ही मौत हो गई। शिकायत में प्रदीप, दिकेश और दो अन्य युवकों पर आपसी रंजिश के चलते हत्या करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



## नाबालिग को भगा ले जाने का मामला

# वीडियो वायरल कर तीन युवाओं ने निगला कीटनाशक

- निजी अस्पताल में करवाया दाखिल, 4-5 लोगों को ठहराया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में तीन युवकों ने रविवार शाम करीब चार बजे ढांड के खेतों में कीटनाशक पी लिया। तीनों का इलाज शहर के शाह अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। युवकों की पहचान गांव मूंदड़ी के मोहित, रोहित और गांव पिलनी के गौरव के रूप में हुई है। कीटनाशक पीने से पहले तीनों ने करीब 40 सेकेंड का एक वीडियो भी बनाया, जिसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो में तीनों ने चार से पांच लोगों को जिम्मेदार ठहराया है, जिनमें दो लोग गांव मूंदड़ी के और एक नाबालिग किशोरी के परिजन शामिल बताए जा रहे हैं। वीडियो में युवकों ने कहा कि उनकी इज्जत पर बात आ गई है, इसलिए वे बदनामी के डर से एक साथ जहर खा रहे हैं। कुछ दिन पहले सदर थाना में 17 वर्षीय नाबालिग को भगा ले जाने का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपित युवक की इन तीनों से जान-पहचान थी। पुलिस ने दो दिन पहले ही इस मामले में तीनों युवकों से पूछताछ भी की थी। पूंडरी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शिव कुमार ने बताया कि तीनों युवकों ने कीटनाशक पीया है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची थी। मामले की जांच शुरू कर दी।

# फतेहाबाद में मिला दुर्लभ कांटेदार जीव झाऊ चूहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद के टोहाना क्षेत्र में एक रिहायशी मकान में उस समय हड़कंप मच गया जब लोगों ने एक दुर्लभ कांटेदार जंगली जीव देखा। घबराए लोगों ने सूचना सहारा रेस्क्यू टीम को दी। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर जीव को सुरक्षित पकड़ लिया। रेस्क्यू के दौरान एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब खतरा महसूस होते ही यह जीव अपने शरीर को पूरी तरह गोल गेंद के आकार में समेट लेता है और उसके शरीर पर मौजूद नुकीले कांटे बाहर निकल आते हैं। इस प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र को देखकर मौजूद लोग हैरान रह गए। सहारा रेस्क्यू टीम के विशेषज्ञों ने बताया कि यह जीव हेजहॉग या स्थानीय भाषा में झाऊ चूहा कहलाता है, जो बहुत कम दिखाई देता है। यह पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रेस्क्यू विशेषज्ञ नवजोत ढिल्लों ने बताया कि वे पिछले 14 वर्षों से वन्यजीव रेस्क्यू कार्य कर रहे हैं।



**फतेहाबाद।** टोहाना क्षेत्र में कांटेदार झाऊ चूहे के साथ नवजोत ढिल्लो।

### चरखी दादरी: दो बाइक की टकर,दो की मौत

**चरखी दादरी।** रविवार को रानील गांव के समीप दो बाइकों की सीधी टककर हो गई। हादसे में एक युवक व दूसरी बाइक पर सवार किशोर की मौत हो गई। मृतक युवक संजारवास व किशोर बास गांव का रहने वाला था।

पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम दादरी सामान्य में करवाया।जानकारी के अनुसार गांव सांजरवास निवासी शिवम (26) किसी काम से बास गांव की तरफ गया था। रानीला से बास रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार एक अन्य बाइक से शिवम की बाइक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों के परखचे उड़ गए। हादसे में सर्जरवास निवासी शिवम व दूसरी बाइक पर सवार बास गांव निवासी हिमांशु (16) की मौत हो गई तथा देव (15) गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नवविवाहिता के साथ गैंगरेप ननदोई समेत चार पर केस दर्ज

***पीड़िता की थी दूसरी शादी, पहले पति की हो चुकी मौत, 13 मई को हुई थी शादी, 15 मई को बनवाए गए थे लिव इन रिलेशन के कागजात***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गढ़ी थाना इलाके में नई नवेली दुल्हन के साथ नंदोई, बिचौलिया समेत चार लोगों द्वारा यौन शोषण कर तथा गैंग रेप करने का मामला सामने आया है। गढ़ी थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चारों के खिलाफ यौन शोषण, दुष्कर्म गैंग रेप समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। युमनानगर इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 13 मई को उसकी शादी उचाना थाने इलाके में हुई थी। पहले पति की मौत के बाद यह उसकी दूसरी शादी थी। उसका पति गढ़ी थाना इलाका गांव में अपने जीजा नरेश के पास पशु डेयरी में काम करता है। वह भी अपने पति के साथ डेयरी में रहती थी। गत 14 मई रात को उसके ननदोई नरेश ने उसके पति को उससे बातचीत करवाने के लिए कहा। बुलाने पर वह नरेश के कमरे में चली गई। आरोपित ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। 15 मई को दिन में नरेश ने उसके कोर्ट में लिव इन रिलेशन के कागजात तैयार करवाए। उसी रात नरेश ने उचाना इलाके के बिचौलिए बंसी के साथ पास भेज दिया। जिसके बाद बंसी उसे गाड़ी में खेत में ले गया। जहां उसने ड्राइवर के साथ मिल कर गैंग रेप किया। फिर बंसी ने फोन कर एक युवक को और बुलाया। जो उसे अपने साथ घर ले गया। जहां पर आरोपित ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपित बंसी ने उसे युमनानगर अपने जानकार के घर छोड़ दिया। पीड़ित महिला ने चारों आरोपितो के खिलाफ शिकायत की। गढ़ी थाना पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर नरेश, बंसी को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ यौन शोषण, दुष्कर्म गैंग रेप समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ी थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला ने चार लोगों को यौन शोषण तथा दुष्कर्म करने के आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

### लाइनमैन मौत के मामले में एसडीओ, जेई व अन्य पर केस

**जींद।** जींद के गांव भूरायण में बिजली लाइन पर काम करते समय करंट लगने से हुई लाइनमैन की मौत के मामले में पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ, जेई और अन्य कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान गांव खोखरी निवासी बिजेंद्र (48) के रूप में हुई है, जो बिजली निगम में लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। शिकायत के अनुसार, वह भूरायण क्षेत्र में बिजली लाइन पर काम कर रहा था, तभी अचानक बिजली सप्लाई चालू कर दी गई, जिससे उसे करंट लग गया और वह खंभे से नीचे गिर पड़ा। मौके पर मौजूद सहयोगी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के दोषी अजय वासी कारद जिला पानीपत को 20 वर्ष कठोर कारावास व 2 लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 28 अप्रैल 23 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना शहर पेहवा वासी व्यक्ति ने बताया कि उसके 5 बच्चे हैं। उसके चार लड़के शादीशुदा हैं और उससे अलग रहते हैं। उसकी सबसे छोटी लड़की नाबालिग है जो उसके साथ रहती है। 26 अप्रैल 23 को सुबह उसकी पत्नी ने देखा तो उसकी नाबालिग लड़की घर में नहीं मिली। जिसकी शिकायत पर थाना शहर पेहवा में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच की गई। तफ्तीश के दौरान पीड़ित लड़की को बरामद किया गया था पीड़ित के बयान अदालत में दर्ज करवाए गए तथ मेडिकल परिक्षण करवाया गया।



28 अप्रैल 2023 को पुलिस ने मामला दर्ज किया था

पीड़ित के बयान और मेडिकल के आधार पर मामले में पोक्सो एक्ट की धारा 6 जोड़ी गई तथा जांच महिला सहायक उप निरीक्षक सरोज द्वारा की गई। तफ्तीश के दौरान मामले के आरोपी अजय वासी कारद जिला पानीपत को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था।

मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में हुई। गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी अजय वासी कारद जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए तहत 5 साल कठोर कारावास व 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा और 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा तथा पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 साल कठोर कारावास व 1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई।

### नशीले 6192 कैप्सूल के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**यमुनानगर।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो यूनिट अंबाला की टीम ने गांव रामपुर पेट्रोल पंप के पास से एक व्यक्ति को अवैध नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव नगली 264 निवासी सुखबीर सिंह के रूप में हुई है। एएसआई प्रवीण कुमार की टीम गश्त पर थी, तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध नशीले कैप्सूल बेचने की फिराक में खड़ा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और तलाशी के दौरान उसके पास से 6192 नशीले कैप्सूल बरामद किए। इनमें 5922 कैप्सूल और 270 कैप्सूल अल्प्राजोलम शामिल हैं।बरामद कैप्सूल की कीमत करीब 1 लाख 70 हजार रुपये बताई जा रही है। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# मारपीट से खफा महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

***पुलिस ने मृतका के पति तथा देवर पर दर्ज किया आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिव कालानी सफीदों मे बीती रात संदिग्ध हालात में महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शहर थाना सफीदों पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर पति तथा देवर के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिव कालोनी सफीदों निवासी गुरलाल की पत्नी गुरविंद्र कौर (36) ने बीती रात संदिग्ध हालात के चलते फांसी का फंदा लगा लिया। जब तक उसे फांसी के फंदे से उतारा जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर मृतका का मायका पक्ष तथा शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा ले शव को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतका के भाई गांव महमूदपुर बोहली निवासी गुरपंत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन गुरविंद्र की शादी वर्ष 2013 में शिव कालोनी निवासी गुरलाल के साथ हुई थी। गुरलाल तथा उसका भाई प्रीतपाल उसकी बहन के साथ मारपीट तथा बेइज्जती करते थे। कई बार उन्हें समझाया भी गया। पिछले एक महीने से आरोपित उसकी बहन के साथ मारपीट करने के साथ परेशान कर कर रहे थे। जब वे मौके पर पहुंचे तो गुरविंद्र का शव बैड पर पड़ा था। वहां पर कोई फंदा नही लगा था। चुन्नी पड़ी हुई थी। शहर थाना सफीदों पुलिस ने मृतका के भाई गुरपंत की शिकायत पति गुरलाल, देवर प्रीतपाल के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना के जांच अधिकारी रविंद्र ने बताया कि मृतका के भाई ने पति तथा देवर पर आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है।

गांव पाई में उधारी को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट

# 1500 रुपये के विवाद में मारपीट 57 वर्षीय बुजुर्ग की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

गांव पाई में महज 1500 रुपये की उधारी को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। शनिवार रात को परचून की दुकान पर हुई कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई, जिसमें घायल हुए 57 वर्षीय राजकुमार की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। गांव पाई निवासी रोहित ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह घर की ओर जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही प्रवीन की परचून की दुकान पड़ती है, जहां उनकी करीब 1500 रुपये की उधारी थी। आरोप है कि दुकान के सामने से गुजरते समय प्रवीन ने उनसे उधार के पैसे मांगे। इस पर रोहित ने एक-दो दिन में पैसे देने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और मामला गाली-गलौज तक पहुंच गया। माहौल बिगड़ता देख रोहित वहां से निकलकर अपने ताऊ राजेश के घर चला गया। रोहित का आरोप है कि कुछ देर बाद प्रवीन अपने पिता शेर सिंह, परिवार के सदस्य नवीन, संगीता और पत्नी बबीता के साथ उनके ताऊ के घर पहुंच गया। सभी के हाथों में लाठी-डंडे थे। आरोप है कि उन्होंने घर में घुसकर हमला कर दिया। उस समय घर में रोहित के अलावा उनकी दादी, ताई, बहन और पिता राजकुमार भी मौजूद थे। झगड़े के दौरान माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया और दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की व मारपीट शुरू हो गई।

### खंभे में सिर मारने का आरोप

शिकायत के अनुसार विवाद के दौरान प्रवीन ने राजकुमार का गिरेबान पकड़ लिया और उनका सिर खंभे में दे मारा। गंभीर चोट लगने के बाद राजकुमार संतुलन खो बैठे और पास की नाली में गिर गए। परिजन तुरंत उन्हें उपचार के लिए खरखौदा के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### दोनों पक्षों ने पुलिस को दी शिकायत

घटना के दौरान दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को शिकायत दी गई थी। एक तरफ प्रवीन ने पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद होने की शिकायत दी, वहीं दूसरी ओर रोहित ने पिता के साथ मारपीट की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक घायल राजकुमार को अस्पताल ले जाया जा चुका था।

# फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर हड़पी करोड़ों की जमीन

- 1973 में मृत व्यक्ति को 2018 तक जीवित दिखाकर वसीयत तैयार करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के जगाधरी में मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर करोड़ों रुपये की जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी दस्तावेज बनाने समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जगाधरी निवासी मोहन लाल ने शिकायत में बताया कि उनके ताऊ गांव मामली निवासी जोती राम वर्ष 1973 में अविवाहित अवस्था में मृत्यु हो चुके थे और उनकी कोई संतान नहीं थी। इसके बावजूद मॉडल कॉलोनी निवासी धर्म नारायण ने फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कर जोती राम को जीवित दर्शाते हुए जमीन पर दावा कर दिया।आरोप है कि 28 जुलाई 2017 को फर्जी वसीयत बनाकर करोड़ों रुपये की कृषि भूमि अपने नाम करवाने की साजिश रची गई और बाद में उसका इंतकाल भी करा लिया गया। दस्तावेजों में मृत्यु तिथि 2018 दर्शाई गई, जबकि वास्तविक मृत्यु 1973 में हुई थी।शिकायत के बाद अदालत ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए।

# कैथल में घर में सो रहे छात्र को सांप ने डंसा, मौत

- स्नैकमैन ने सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के गांव ग्योंग में शनिवार रात सोते समय कोबरा सांप के डसने से 17 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव ग्योंग निवासी प्रिंस के रूप में हुई है, जो 12वीं कक्षा का छात्र था।परिजनों के अनुसार, प्रिंस रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गया था।



छात्र प्रिंस

इसी दौरान सांप ने उसकी उंगली पर काट लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआत में परिवार को लगा कि उसे हार्ट अटैक आया है, लेकिन बाद में डॉक्टरों ने सांप के काटने के निशान की पुष्टि की। घटना के बाद स्नेकमैन सतीश फफड़ाना को बुलाया गया, जिन्होंने कमरे की जांच के दौरान करीब ढाई फीट लंबे कोबरा सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में दहशत और शोक का माहौल है। स्नेकमैन ने कहा कि सांप छिपकली खाता है। इसके बाद कमरे में बिल के आसपास खुदाई की गई होगी।

## खबर संक्षेप



### टाटा स्टील का मुनाफा दोगुना से ज्यादा हुआ

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील का एकीकृत शुद्ध लाभ 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में दो गुना से ज्यादा होकर 2,965 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से भारत में परिचालन राजस्व अधिक होने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 1,201 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। जनवरी-मार्च के दौरान, कंपनी की कुल आय बढ़कर 63,518.60 करोड़ रुपये हो गई जो एक वर्ष पूर्व 2024-25 की चौथी तिमाही में 56,679.11 करोड़ रुपये थी।

### जैन इरिगेशन सिस्टम्स को 19 करोड़ रुपए का घाटा

**नई दिल्ली।** जैन इरिगेशन सिस्टम्स को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 19 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। मुख्य रूप से अधिक खर्च के कारण कंपनी का घाटा बढ़ा है। कंपनी ने सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 27.86 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कुल आय मार्च तिमाही में बढ़कर 1,824.63 करोड़ रुपये हो गई।

### बीते सप्ताह मूंगफली के तेल में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** गुजरात में गर्मी की मूंगफली फसल आने की संभावना के बीच बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम टूट गये जबकि कमजोर आवक और मांग बढ़ने से सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए। बीते सप्ताह सरकार ने आयातित तेलों के आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि की और सीपीओ के लिए यह शुल्क 4.5 रुपये क्विंटल तथा सोयाबीन डीगम तेल के लिए 1.5 रुपये क्विंटल बढ़ा दिया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मई में अब तक 25,000 लोगों की छूटी नौकरी, खत्म हो रहा आईटी का सुनहरा दौर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया भर की बड़ी टेक कंपनियों में इस समय छंटनी का दौर लगातार जारी है। साल 2026 में अब तक हजारों कर्मचारी अपनी नौकरी गंवा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मई 2026 के दो हफ्तों में ही करीब 25 हजार टेक कर्मचारियों की नौकरी चली गई। सबसे बड़ी बात ये है कि ज्यादातर कंपनियां अब एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ज्यादा फोकस कर रही हैं और इसी वजह से कर्मचारियों की संख्या कम की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेपाल, सिस्को और क्लाउड फ्लायर जैसी बड़ी कंपनियों ने हजारों कर्मचारियों की छंटनी की है। सबसे ज्यादा चर्चा पेपाल की हो रही है। कंपनी अगले कुछ सालों में अपनी लगभग 20 प्रतिशत वर्कफोर्स कम करने की तैयारी में है। रिपोर्ट्स देखें तो इससे करीब 4700 से ज्यादा कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। कंपनी अब एआई और ऑटोमेशन पर ज्यादा निवेश करना चाहती है। वहीं, सिस्को ने भी करीब 4000 नौकरियां खत्म करने का फैसला लिया है। कंपनी का कहना है कि अब वह एआई और तेजी से बढ़ते टेक सेक्टर पर फोकस करना चाहती है। लगातार हो रही छंटनी की वजह से टेक इंडस्ट्री में काम करने वाले लोगों के बीच डर और अनिश्चितता बढ़ रही है। सोशल मीडिया और रेडिट जैसे प्लेटफॉर्म पर भी लोग नौकरी को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं।

## दुनिया भर की बड़ी टेक कंपनियों में इस समय चल रही है छंटनी

### क्या है छंटनी की वजह?

पहले कंपनियां लागत कम करने या बिजनेस घाटे की वजह से कर्मचारियों को निकालती थीं, लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। अब एआई को सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। कई कंपनियों का कहना है कि एआई की मदद से कई काम तेजी और कम लागत में हो रहे हैं। ऐसे में कंपनियां छोटी टीम के साथ ज्यादा काम करना चाहती हैं। यही वजह है कि टेक सेक्टर में लगातार रिस्ट्रक्चरिंग यानी बदलाव देखने को मिल रहा है।




### लिंक्डइन से लेकर फ्रेशवर्क्स तक असर

छंटनी की मार सिर्फ अमेरिकी कंपनियों तक सीमित नहीं है। लिंक्डइन, फ्रेशवर्क्स, कॉइनबेस और ट्रूकॉलर जैसी कंपनियां भी कर्मचारियों की संख्या घटा रही हैं। फ्रेशवर्क्स ने करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी की है। कंपनी का कहना है कि एआई की वजह से काम करने का तरीका तेजी से बदल रहा है।

## अमेरिका-ईरान के बीच तनाव जल्द खत्म होने की संभावना कम

# द्विपक्षीय बातचीत से समुद्री मार्ग से कच्चे तेल की आपूर्ति में सुधार संभव : मूडीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव जल्द खत्म होने की संभावना कम है और ऐसे में होर्मुज जलडमरूमध्य के पूरी तरह खुलने की उम्मीद भी फिलहाल नहीं दिख रही है। एजेंसी ने अपनी भू-राजनीतिक जोखिम संबंधी वैश्विक रिपोर्ट में कहा कि ऊर्जा आपूर्ति के लिए समुद्री मार्गों पर आवाजाही धीरे-धीरे सुधर सकती है, लेकिन यह सामान्य तरीके से नहीं बल्कि द्विपक्षीय समझौतों के जरिये होगी।

■ होर्मुज के पूरी तरह खोलने की संभावना काफी कम बताई जा रही

इसके तहत चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे तेल आयातक देश ईरान के साथ अलग-अलग स्तर पर सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने की कोशिश कर सकते हैं। मूडीज के अनुसार, लारक द्वीप और ओमान के समुद्री क्षेत्र के पास कुछ समन्वित पारगमन गलियारे उभर रहे हैं, लेकिन 2026 में भी संघर्ष-पूर्व स्तर की आवाजाही बहाल होना मुश्किल दिखता है।




### कच्चा तेल 90 से 110 डॉलर प्रति बैरल के बीच बना हुआ

हालांकि, नए भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के चलते कीमतों में इससे बाहर भी तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। एजेंसी के मुताबिक, यदि ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक 90-110 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी रहती हैं तो कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में 0.2 से 0.8 प्रतिशत अंक तक की कमी आ सकती है।

### वैश्विक बाजार आपूर्ति संकट से जूझता रहेगा

रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अगले छह महीनों में जलडमरूमध्य में सुरक्षित आवाजाही फिर शुरू भी हो जाती है, तब भी वैश्विक तेल बाजार आपूर्ति संकट से जूझता रहेगा। इससे ऊर्जा कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहेगा और लागत, मांग तथा वित्तीय परिस्थितियों पर असर पड़ेगा। मूडीज ने अनुमान जताया कि इस वर्ष ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 90 से 110 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रह सकती हैं।

### ऊंची तेल कीमतों से रुपये पर दबाव बढ़ सकता है

मूडीज ने कहा कि भारत सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है क्योंकि उसके करीब 46 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात पश्चिम एशिया से होता है। ऊंची तेल कीमतों से रुपये पर दबाव बढ़ सकता है और चालू खाते के घाटे (कैड) तथा राजकोषीय प्रबंधन पर असर पड़ सकता है। एजेंसी ने मई के अपने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में 2026 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.8 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है।

### संघर्ष अब तीसरे महीने में पहुंच गया

उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर संयुक्त हवाई हमलों के बाद शुरू हुआ पश्चिम एशिया संघर्ष अब तीसरे महीने में पहुंच गया है। इस संघर्ष के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया, जहां से सामान्य परिस्थितियों में दुनिया के समुद्री मार्ग से होने वाले कच्चे तेल और एलएनजी व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा आता था।

# युवा बेहतर रोजगार के लिए गृह नगर से कर रहे पलायन : रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ मुंबई



देश में शारीरिक श्रम करने वाले और अर्ध-कुशल सेवा कार्यों में लगे कर्मचारियों में अधिक महिलाएं और पहली बार नौकरी तलाश रहे युवा बेहतर रोजगार और अधिक वेतन के लिए अपने गृह नगरों से बाहर जा रहे हैं, जिससे जनवरी-अप्रैल, 2026 के दौरान नौकरी संबंधी पलायन में 31.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। नौकरी के बारे में सूचना देने वाले मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, देश के श्रम बाजार में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा रहा है, जिसमें अधिक महिलाएं, फ्रेशर और विभिन्न क्षेत्रों के कामगार बेहतर अवसरों की तलाश में अपने शहर से बाहर नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-अप्रैल, 2026 के दौरान अन्य शहरों के लिए 86 लाख नौकरी आवेदन किए गए, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 65 लाख थी। यह 31.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह उसी शहर में किए गए आवेदनों की 20.2 प्रतिशत वृद्धि से काफी अधिक है, जिससे स्पष्ट होता है कि दूसरे शहरों में नौकरी तलाशने वाले कामगारों की संख्या स्थानीय स्तर पर नौकरी तलाशने वालों की तुलना में 1.5 गुना तेजी से बढ़ रही है।

■ शारीरिक श्रम, अर्ध-कुशल नौकरियों के लिए अधिक महिलाएं

### 24.1 प्रतिशत बाहर नौकरी तलाश रहे

इसके परिणामस्वरूप, मंच पर लगभग 24.1 प्रतिशत कामगार अब अपने गृह नगर से बाहर नौकरी के अवसर तलाश रहे हैं, जबकि एक वर्ष पहले यह आंकड़ा 22.5 प्रतिशत था। रिपोर्ट 3.5 करोड़ से अधिक नौकरी आवेदनों के विश्लेषण पर आधारित है।

# हाइब्रिड म्यूचुअल फंड ने 1.55 लाख करोड़ का निवेश किया आकर्षित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों ने संतुलित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया है, जिसके चलते हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 1.55 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड एक साथ कई तरह की संपत्तियों में निवेश करता है। मसलन शेयर, बॉन्ड आदि में। इसका उद्देश्य जोखिम और प्रतिफल में संतुलन बनाना होता है। भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग के संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने जारी किए आंकड़े। आंकड़ों के अनुसार, मार्च, 2026 तक हाइब्रिड फंड के फोलियो बढ़कर 1.9 करोड़ हो गए, जबकि एक साल पहले यह संख्या 1.56 करोड़ थी। इस दौरान लगभग 34 लाख नए निवेशक खाते जुड़े। इस श्रेणी की परिसंपत्तियों का प्रबंधन (एयूएम) भी बढ़कर 10.35 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2025 में 8.83 लाख करोड़ रुपये था। एडलवाइस म्यूचुअल फंड की प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राधिका गुप्ता ने 'पीटीआई - भाषा' से कहा, ''हाइब्रिड फंड (मिश्रित निवेश योजना) ने मजबूत वृद्धि दर्ज की है।

### अपेक्षाकृत कम जोखिम

गुप्ता ने कहा, एयूएम में वृद्धि यह दर्शाती है कि निवेशक विविध पोर्टफोलियो और परिसंपत्ति आवंटन आधारित निवेश को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। हाइब्रिड फंड अब उन निवेशकों के लिए मुख्य विकल्प बनते जा रहे हैं जो अपेक्षाकृत कम जोखिम के साथ इक्विटी में भागीदारी चाहते हैं।




# अमित शाह ने दशेला में मधुर डेयरी के संयंत्र का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के "सहकार से समृद्धि" के मंत्र के माध्यम से समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के विज़न तथा माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय आधुनिक अवसंरचना, प्रौद्योगिकी-सक्षम प्रणालियों और किसान-केंद्रित पहलों के माध्यम से देशभर में सहकारी पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के गांधीनगर स्थित दशेला में मधुर डेयरी यूनिट-2 के अत्याधुनिक स्वचालित दुग्ध प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्रभाई पटेल, गुजरात सरकार के माननीय मंत्री श्री हर्ष संघवी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि दशेला में स्थापित यह आधुनिक डेयरी संयंत्र केवल एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि लाखों दुग्ध उत्पादक परिवारों, विशेषकर ग्रामीण माताओं और बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सऊदी अरामको से ढाई गुना बड़ा आईपीओ होगा स्पेसएक्स का

# मस्क की स्पेस कंपनी 'स्पेसएक्स' आईपीओ लाने की तैयारी में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिग्गज स्पेस कंपनी स्पेसएक्स आईपीओ लाने की तैयारियों में जुटी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलॉन मस्क की योजना इसे अमेरिकी स्टॉक मार्केट के इंडेक्स नास्डाक पर 12 जून को लिस्ट कराने की है। द कोबेस्सी लेटर के एक्स (पूर्व नाम ट्विटर) पर एक ट्वीट के मुताबिक स्पेस कंपनी की नजर 1.75-2 ट्रिलियन डॉलर यानी लाख करोड़ के वैल्यूएशन 7500 करोड़ डॉलर 7.2 लाख करोड़ का आईपीओ लाने की है। आईपीओ की सफलता के बाद यह 2019 में आए सऊदी अरामको के रिकॉर्ड करीब 2940 करोड़ डॉलर (2.82 लाख करोड़ रुपए) के आईपीओ से करीब ढाई गुना बड़ा होगा।

■ अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज नास्डाक में 12जून को सूचीबद्ध कराने की तैयारी



### आईपीओ का काम 21 बैंक देख रहे हैं

*अमेरिकी बाजार नियामक एसईसी (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन) का रिव्यू प्रोसेस उम्मीद से जल्द पूरा होने के बाद स्पेसएक्स ने आईपीओ पर काम तेज कर दिया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक अब कंपनी अपना एस-1 प्रॉस्पेक्टस 21 मई को जारी कर सकती है, 4 जून को इंवेस्टर रोडशो शुरू हो सकता है, 11 जून को शेयरों की कीमत तय हो सकता है और 12 जून को नास्डाक पर ट्रेडिंग शुरू हो सकती है। इस आईपीओ का काम मॉर्गन स्टैनले, गोल्डमैन, जेपीमॉर्गन चेज, बैंक ऑफ अमेरिका और सिटीग्रुप समेत 21 बैंक देख रहे हैं।*

### खास बातें और चिंताएं

स्पेसएक्स के आईपीओ के साइज ने मार्केट को चौंका दिया है क्योंकि यह 1.75 डॉलर-2 ट्रिलियन डॉलर का वैल्यूएशन तलाश रही है जबकि इसका सालाना रेवेन्यू करीब 1550 करोड़ डॉलर ही है। इस वैल्यूएशन का बड़ा हिस्सा केवल रॉकेट लांच और स्टारलिंक सैटेलाइट बिजनेस पर आधारित नहीं है, बल्कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), ऑर्बिटल इंफ्रा और दूसरे ग्रहों पर विस्तार जैसी लॉन्ग टर्म महत्वाकांक्षाओं पर भी आधारित है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी ने गोपनीय फाइलिंग में खुद को ट्रेडिशनल ऐरोस्पेस कंपनी कम दिखाया है, भविष्य की एआई स्पेस इंफ्रा कंपनी के तौर पर अधिक दिखाया है जिसका दायरा चंद्रमा और मंगल पर आधारित इंडस्ट्रीज, ऑर्बिटल डेटा सेंटर्स और स्पेस-पावर्ड एनर्जी सिस्टम तक हो सकती है।

### आईपीओ को लेकर काफी उत्साह

इस आईपीओ को लेकर काफी उत्साह तो है ही लेकिन कॉरपोरेट गवर्नेंस एक्सपर्ट्स और इंस्टीट्यूशनल इंवेस्टर्स के बीच चिंताएं भी पैदा की हैं। रायटर्स के मुताबिक कई बड़े अमेरिकी पेंशन फंड्स ने स्पेसएक्स के गवर्नेंस स्ट्रक्चर पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि लिस्टिंग के बाद भी एलॉन मस्क कंपनी पर लगभग बिना रोक-टोक नियंत्रण बनाए रख सकते हैं।

## राशिफल


**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।


**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।


**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**कुंभ** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।


**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6229




**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 6228 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | रा |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | रा | ल |



**आज अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस**

# गुड़ियों का अनोखा संसार: एक छत के नीचे 60 देशों की संस्कृति

## यह संग्रहालय जादुई दुनिया से कम नहीं, संग्रहालय में 2 इंच की सबसे छोटी गुड़िया रखी



भाषा ▶▶| जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर को अपने भव्य किलों और महलों के लिए जाना जाता है, लेकिन शहर के शोर-शराबे के बीच एक ऐसा 'छोटा संसार' भी बसा है जो गुमनामी के अंधेरे में अपनी पहचान खो रहा है। यह है जयपुर का 'गुड़िया संग्रहालय', जहां भारत सहित दुनिया के लगभग 60 देशों की संस्कृतियां गुड़ियों के रूप में जीवंत हैं। जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक बधिर विद्यालय परिसर में स्थित यह संग्रहालय किसी जादुई दुनिया से कम नहीं है। इसकी स्थापना के पीछे एक समृद्ध इतिहास है। यहां जापान, सऊदी अरब, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, अफगानिस्तान, ईरान, अमेरिका, ब्रिटेन, बुल्गारिया, स्पेन, डेनमार्क, मिस्त्र, जर्मनी, ग्रीस, मेक्सिको, आयरलैण्ड जैसे देशों की गुड़ियाँ अपनी पारंपरिक पोशाकों में सजी हैं। जापान से प्राप्त पारंपरिक गुड़ियों के संग्रह में अधिकांश लकड़ी से बनी हैं और इनमें कोकेशी गुड़ियां, नामाहागे गुड़ियां, कामाकुरा गुड़ियां, कांटो मत्सुरी गुड़ियां और तानाबाता गुड़ियां शामिल हैं। जापान से कागज और व्हेल के दांतों से बनी गुड़ियां भी प्रदर्शित की गई हैं।

### महाराष्ट्र, असम, बंगाल समेत कई राज्यों की कठपुतलियां यहां



विद्यालय प्रशासन के मुताबिक, इसके अलावा राजस्थान की पारंपरिक कठपुतलियां भी यहां हैं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, बंगाल, नगालैण्ड, बिहार आदि प्रदेशों की सांस्कृतिक विविधता को यहां गुड़ियों के युगल के माध्यम से बेहद खूबसूरती से दर्शाया गया है। संग्रहालय में सबसे छोटी गुड़िया 2 इंच की है। वहीं, कई प्रकार के कार्टून और सुपरहीरो चरित्रों की गुड़ियाँ भी यहां देखने को मिलती हैं। प्रधानाचार्य भरत जोशी ने बताया कि जयपुर का गुड़िया संग्रहालय गुड़ियों के इतिहास से भी रूबरू करवाता है।

### यहां दुनिया की पहली गुड़िया भी

उन्होंने संग्रहालय में उपलब्ध दस्तावेजों के हवाले से बताया कि विलेन डॉर्फ वीनस (28,000 ईसा पूर्व 25,000 ईसा पूर्व) को दुनिया की पहली गुड़िया माना जाता है जो एक महिला की आकृति है। इसे साल 1908 में पुरातत्वविदों ने ऑस्ट्रिया के एक गांव, विलेन डॉर्फ के पास एक पुरापाषाणकालीन स्थल पर खोजा था। जोशी ने बताया कि भारत में सबसे पुरानी खिलौने वाली गुड़िया सिंधु घाटी सभ्यता से मिली, जो तकरीबन 5000 साल पुरानी है। संग्रहालय के रिकॉर्ड के मुताबिक, सबसे पुरानी गुड़ियाँ मिट्टी, पत्थर, लकड़ी, लोहा, चमड़ा या मोम से बनाई गई थीं, लेकिन इन्हें बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान भी वक्त के साथ बदलता रहा है।

उन्नीसवीं सदी में गुड़ियों के सिर पोर्सेलिन के साथ बनने लगे, जिनका शरीर चमड़े, कपड़े, लकड़ी या पेपियर मैश का बना था। इसके बाद 20वीं सदी में प्लास्टिक और पॉलीमर का उपयोग गुड़िया बनाने में शुरू हो गया। हैरानी की बात है कि यह है कि पर्यटन से करोड़ों रुपये का राजस्व अर्जित करने वाले जयपुर शहर में यह संग्रहालय सैलानियों की कमी से जूझ रहा है। सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक-बधिर विद्यालय प्रशासन के अनुसार, एक समय था जब शहर के विभिन्न विद्यालयों से छात्र सप्ताह में दो-तीन बार यहाँ शैक्षिक भ्रमण के लिए आते थे, लेकिन धीरे-धीरे स्कूली छात्रों का आना भी बंद हो गया।

प्रशासन के अनुसार, उचित प्रचार-प्रसार के अभाव में यह संग्रहालय अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। प्रशासन ने इसे पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग को विस्तृत जानकारी वाली एक बुकलेट भेजकर सहयोग की अपील भी की थी, परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### 7 दिसंबर 1974 को आधारशिला रखी गई थी

विद्यालय के प्रधानाचार्य भरत जोशी के अनुसार, 7 दिसंबर 1974 को कांति कुमार पोद्दार ने इसकी आधारशिला रखी थी और 7 अप्रैल 1979 को राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत ने इसका उद्घाटन किया था। मूल रूप से 'भगवानी बाई सेखसरिया गुड़िया घर' के नाम से पहचाने जाने वाले इस संग्रहालय में आज 500 से अधिक गुड़ियाँ प्रदर्शित हैं। यह संग्रहालय भारत के विभिन्न राज्यों सहित लगभग 60 देशों की सांस्कृतिक संरचना की एक आकर्षक झलक पेश करता है। भरत जोशी ने बताया कि संग्रहालय की खासियत यह है कि भारत के हर राज्य के रहन-सहन और परिधान को समझाने के लिए अलग-अलग गुड़ियाँ रखी गई हैं। संग्रहालय की हर गुड़िया अपने क्षेत्र, प्रदेश और राष्ट्र की संस्कृति को उजागर करती है। इनके जरिए संबंधित देश की संस्कृति, सभ्यता, पोशाक, व्यवसाय और रीति-रिवाज की जानकारी मिलती है।

### यह संग्रहालय सैलानियों की कमी से जूझ रहा



पर्यटकों की कमी का एक बड़ा कारण पर्यटक गाइड का उदासीन रवैया भी है। अक्सर गाइड पर्यटकों को केवल आमेर, नाहरगढ़, सिटी पैलेस और अल्बर्ट हॉल जैसे चुनिंदा ऐतिहासिक स्थलों तक ही सीमित रखते हैं, जिसके कारण पर्यटकों को इस अनूठे संग्रहालय की जानकारी ही नहीं मिल पाती। वहीं, गाइड का तर्क है कि विदेशी पर्यटकों के सीमित 'टूर प्लान' में केवल प्रमुख ऐतिहासिक इमारतों को ही प्राथमिकता दी जाती है। इस समय संग्रहालय को देखने के लिए नाममात्र का शुल्क लिया जाता है जिसमें छात्र 10 रुपए, वयस्क 20 रुपए और विदेशी मेहमान 100 रुपये का शुल्क देकर इसे देख सकते हैं। संग्रहालय से होने वाली आय को इसके रखरखाव पर खर्च किया जाता है।

## खबर संक्षेप



### एक्सप्रेस-वे पर स्कॉर्पियो पलटी, 3 लोगों की मौत

**बालोतरा।** राजस्थान के बालोतरा जिले में रविवार सुबह भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। आसोतरा गांव के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर कई बार पलट गई। इस दुर्घटना में 3 की मौके पर ही मौत हो गई। एक मासूम बच्चे सहित 4 अन्य लोग घायल हो गए।

### लातूर में सीबीआई ने कोचिंग संस्थान के कार्यालय में तलाशी ली

**लातूर (भाषा)।** नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच कर रहे सीबीआई ने रविवार को महाराष्ट्र के लातूर शहर में कोचिंग संस्थान रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेज (आरसीसी) के मुख्य कार्यालय में छापेमारी की। सीबीआई अफसरों ने लातूर के शिवनगर इलाके में स्थित आरसीसी कार्यालय में दोपहर में तलाशी शुरू की, जो देर शाम तक जारी रही। अधिकारियों ने शुक्रवार को आरसीसी के संस्थापक शिवराज मोटेगांवकर से शिवनगर स्थित उनके आवास पर करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी।

### युवक को बंधक बनाकर यातनाएं, छह गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में अजमेर जिले के एक गांव में रंजिश के चलते एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे यातनाएं देने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। गगवाना गांव में जीतू नामक व्यक्ति को आरोपियों ने बंधक बनाकर पीटा, उसे जूतों-चप्पलों की माला पहनाई और पेशाब पीने के लिए विवश किया।

### सनातन विरोधी उदयनिधि मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली।** सनातन के खिलाफ अक्सर जहर उगलने वाले डीएमके



विधायक और तमिलनाडु के नेता विपक्ष उदयनिधि स्टालिन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सीएम विजय के सामने विधानसभा में सनातन को खत्म करना ही होगा वाला मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। पहले भी उदयनिधि ने सनातन पर इसी तरह की टिप्पणी की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा था।

### डंपर-वैन की भिड़ंत में 4 लोगों की गई जान

**हमीरपुर।** जिले में बागेश्वर धाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की अर्टिगा वैन रविवार दोपहर मौदहा



कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-34 पर डंपर से टकरा गई। इस हादसे में एक ही परिवार की एक महिला समेत 4लोगों की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नीट पेपर लीक मामले में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

# शिक्षा मंत्री को तुरंत बर्खास्त करें: राहुल

नीट-यूजी परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 केंद्रों पर हुई थी। करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। एनटीए के अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। यह मामला केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा गया। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और रीएग्जाम का फैसला लिया गया।

**खराब ओएसएम सिस्टम के कारण 12वीं में छात्रों को उम्मीद से कम अंक मिले**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राहुल गांधी ने रविवार को नीट पेपर लीक मामले पर केंद्र सरकार से सवाल किया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, ' नीट 2024 का भी पेपर लीक हुआ था, लेकिन परीक्षा रद्द नहीं की गई। सीबीआई ने जांच बिठाई। बार-बार फेल हो रहे शिक्षा मंत्री को पीएम मोदी बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं। राहुल ने आगे लिखा- नीट 2026 का पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द हुई। मंत्री ने फिर इस्तीफा नहीं दिया। सीबीआई फिर जांच कर रही है। मोदी जी देश आपसे सवाल पूछ रहा है- जवाब दो, बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं? बार-बार इस 'परीक्षा पे चर्चा' पर आप चुप क्यों हैं? इधर, पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 9वीं आरोपी को सीबीआई ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने बॉटनी टीचर मनीषा मंधारे को 14 दिन की कस्टडी में भेज दिया है। पुणे की बायोलॉजी लेक्चरर मनीषा को दिल्ली में सीबीआई हेडक्वार्टर में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि सीबीएसई के खराब ओएसएम सिस्टम के कारण 12वीं के कई छात्रों को उम्मीद से कम अंक मिले। इसके कारण कई छात्र कॉलेज में एडमिशन की योग्यता खो बैठे हैं। सीबीएसई ने अब 9वीं क्लास के लाखों छात्रों को 1 जुलाई से नई भाषा सीखने का कहा है। न कोई शिक्षक है, न कोई बुक और 14 साल के बच्चों को काम चलाऊ उपाय के तौर पर 6वीं कक्षा की किताबें थमा दी गई हैं।

# हमने तुरंत कार्रवाई की, राजनीति न करें

**हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करती है**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संजय मयूख ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, संवेदनहीन और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है।

डॉ. मयूख ने कहा कि राहुल गांधी आखिर कब तक सिर्फ खोखले आरोपों और भ्रम फैलाने की राजनीति करते रहेंगे? यह समय देश के लाखों मेधावी छात्रों की पीड़ा को समझने और उनके भविष्य को लेकर संवेदनशील होने का है, न कि इस दुखद परिस्थिति पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का। डॉ. मयूख ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस पूरे मामले में अपनी जवाबदेही निभाते हुए तुरंत सीबीआई जांच, प्रभावित छात्रों के लिए री-एग्जाम और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने जैसे कई निर्णायक कदम उठाए हैं। ऐसे समय में विपक्ष से एक जिम्मेदार भूमिका की उम्मीद थी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लगातार नीट पेपर लीक को लेकर सरकार की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की है और पीएम मोदी से जवाबदेही लेने को कहा है। अगर सरकार री-नीट और सीबीआई जांच का फैसला नहीं लेती, तो यही लोग सरकार पर निष्क्रियता का आरोप लगाते। जब सरकार ने त्वरित, ईमानदार और सख्त निर्णय लिए हैं, तो राहुल की राजनीति का आधार ही कमजोर पड़ गया है।



**चैंबर पर बुलडोजर चलता देख भड़के**

# लखनऊ में वकीलों पर लाठीचार्ज, खूब हंगामा

- पुलिस अफसरों ने हटाने की कोशिश की, तो हुई बहस
- वकील ने चैंबर बंद कर फंदे से लटकने की भी कोशिश की

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ जिला कोर्ट के बाहर रविवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। बुलडोजर से चैंबर तोड़े जाने के विरोध में वकील भड़क गए। कई वकील बुलडोजर के सामने खड़े हो गए। पुलिस अफसरों ने हटाने की कोशिश की, तो बहस होने लगी। बहस बढ़ी, तो पुलिस ने वकीलों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज कर दिया।

पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर लाठियां बरसाईं। इस दौरान भीड़ में से कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिसवाले भी पत्थर उठाते नजर आए। दरअसल, हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के बाहर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। नगर निगम ने 240 अवैध निर्माण चिह्नित किए थे।

**हाईकोर्ट ने अतिक्रमण तोड़ने का आदेश दिया**

जनवरी- 2026 में कोर्ट परिसर के बाहर अवैध कब्जों को लेकर लगातार शिकायतें आने लगीं। इसी दौरान वकील सुनीता सिंह समेत अन्य लोगों ने चैंबरों और अतिक्रमण को लेकर कोर्ट में याचिकाएं दायर कीं। 7 मई को हाईकोर्ट ने अतिक्रमण तोड़ने का आदेश दिया। 12 मई को नगर निगम की टीम ने अवैध चैंबरों और ढांचों पर लाल रंग का निशान (क्रॉस) लगाया। नोटिस जारी कर 16 मई तक अवैध अतिक्रमण खाली करने का निर्देश दिया। इसके बाद आज नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंच गई। साल 2020 में सदर तहसील इलाके में वकीलों के कुछ चैंबर तोड़े गए थे। इस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी सरकार से जवाब मांगा था।

**जमीयत के अध्यक्ष मदनी ने कहा**

## देश को वैचारिक राष्ट्र में बदलने की हो रही कोशिश, नहीं झुकेंगे

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी ने कहा है कि देश को योजनाबद्ध तरीके से एक वैचारिक राष्ट्र में बदलने की कोशिश की जा रही है। मदनी ने कहा कि पहले केवल मुसलमान निशाने पर थे। अब इस्लाम को भी निशाना बनाया जा रहा है। मुसलमान न कभी झुका है और न कभी झुकेगा। अरशद मदनी ने रविवार को 'एक्स' पर जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यसमिति की 2 दिवसीय बैठक का घोषणापत्र जारी किया। मदनी ने कहा कि देश के वर्तमान हालात, बढ़ती सांप्रदायिकता, संवैधानिक संस्थाओं की चुप्पी, मुसलमानों और इस्लामी प्रतीकों के खिलाफ बढ़ते कदम तथा नफरत आधारित राजनीति अत्यंत चिंताजनक है।

### अमन-एकता के साथ खिलवाड़ की जा रही

सत्ता प्राप्ति के लिए अमन और एकता के साथ खतरनाक खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप धार्मिक उन्माद और नफरत लगातार बढ़ रही है, जबकि कानून के रखवाले मूकदर्शक बने हुए हैं। वह प्रेम से झुक सकता है, लेकिन ताकत, धमकी और अत्याचार के सामने उसे कभी झुकाया नहीं जा सकता।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला**

## पूर्व विधायकों के पेंशन-भत्तों को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने पूर्व विधायकों (विधान सभा और विधानपरिषद के सदस्य) को पेंशन,



पारिवारिक पेंशन और अन्य सुविधाएं देने वाले कानूनी प्रावधानों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ए.के. चौधरी की पीठ ने कहा कि पेंशन और संबंधित लाभ विधायी अधिकार क्षेत्र का मामला है। नीतिगत मतभेद के आधार पर इन्हें असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता।

### कोई संवैधानिक रोक नहीं : कोर्ट

पीठ ने स्पष्ट किया कि संविधान विधायिका को अपने 'सदस्यों' और 'पूर्व सदस्यों' के लिए पेंशन, भत्ते और लाभों से जुड़े प्रावधान बनाने से नहीं रोकता। यह फैसला लोक प्रहरी नामक गैर सरकारी संगठन के महासचिव एस.एन. शुक्ला की याचिका पर आया। पीठ ने 17 फरवरी 2026 को सुनवाई पूरी कर 13 मई को आदेश सुनाया। अदालत ने कहा कि राज्य विधानमंडल पर अपने सदस्यों और पूर्व सदस्यों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपाय लागू करने पर कोई संवैधानिक रोक नहीं है।

**पीएम मोदी की अपील के बाद फैसला**

## आज से हर सोमवार को चलेंगी 6 अतिरिक्त ट्रेनें और बढ़ेंगे 24 फेरे

### पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण किया बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी की नागरिकों से ईंधन की खपत कम करने की अपील के बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने 18 मई से प्रत्येक सोमवार को 6अतिरिक्त ट्रेनों के जरिए 24 अतिरिक्त ट्रेन फेरे चलाने की घोषणा की है। जरूरत पड़ने पर अन्य दिनों में भी अतिरिक्त सेवाएं संचालित की जाएंगी।

### मेट्रो की ओर यात्रियों का रुझान बढ़ेगा

मौजूदा परिस्थितियों में सड़क परिवहन से मेट्रो की ओर यात्रियों का रुझान बढ़ सकता है। इसे देखते हुए स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, टिकट काउंटरों की संख्या बढ़ाने, डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और बैगेज स्कैनर सक्रिय करने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने की तैयारी की गई है।

### 160 मेट्रो स्टेशनों पर कई सुविधाएं बढ़ीं

उसका विस्तृत नेटवर्क रेलवे स्टेशनों, आईएसबीटी, एयरपोर्ट, नमो भारत कॉरिडोर और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इससे मदद मिल रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए 160 मेट्रो स्टेशनों पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी नेटवर्क विकसित किया है। गया है, जिसमें ई-रिक्शा, ई-ऑटो, बाइक टैक्सी और साइकिल सेवाएं शामिल हैं।

**खुशी** वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक अत्यंत दुर्लभ और खुशी का पल माना जा रहा

# जंगली हथिनी ने दिया जुड़वा बच्चों को जन्म

भाषा ▶▶| नैनीताल

उत्तराखंड के कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में एक हथिनी ने स्वस्थ जुड़वां शावकों को जन्म दिया है। वन्यजीव विशेषज्ञ इसे बेहद दुर्लभ घटना मान रहे हैं, जबकि इस खबर से पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह है। कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान के गर्जिया पर्यटन क्षेत्र में जुड़वां शावकों के जन्म के बाद वन विभाग ने निगरानी तेज कर दी है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि हथिनी और उसके नवजात शावकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसकी जानकारी तब मिली जब वन्यजीव प्रेमी संजय छिमवाल ने जंगल सफारी के दौरान कैमरे से हथिनी के परिवार की तस्वीरें लीं। छिमवाल ने मंगलवार को पहली बार दोनों शावकों को देखा। उन्होंने कहा, "दोनों शावक अपनी मां के साथ सुरक्षित थे और दूध पीते नजर आए। यह नजारा बेहद अनोखा और रोमांचक था।" अधिकारियों के मुताबिक, उत्तराखंड में सबसे ज्यादा हाथी कॉर्बेट क्षेत्र में हैं और यहां हाथियों की आबादी 1,200 से अधिक दर्ज है। राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक साकेत बडोला ने कहा कि कॉर्बेट बाघ अभयारण्य और शिवालिक हाथी अभयारण्य हाथी संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। जुड़वां शावकों का जन्म इस क्षेत्र में सकारात्मक, सुरक्षित और स्वस्थ वन्यजीव पर्यावरण का संकेत है। बडोला ने कहा कि हथिनी का गर्भकाल 22 से 24 महीने का होता है। इतने लंबे गर्भकाल के बाद जुड़वां शावकों का जन्म असाधारण घटना है, क्योंकि हाथी आमतौर पर एक ही शावक को जन्म देते हैं।

### 2025 में पन्ना टाइगर रिजर्व में जुड़वा शिशुओं को जन्म दिया था

- उत्तराखंड में सबसे ज्यादा हाथी कॉर्बेट क्षेत्र में हैं
- यहां हाथियों की आबादी 1,200 से अधिक दर्ज
- पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों में दिखा उत्साह




### झलक पाने के लिए पर्यटकों की आमद बढ़ी

वन्यजीव विशेषज्ञ सतप्रीत सिंह शेट्टी ने बताया कि हाथियों में केवल एक फीसदी मामलों में जुड़वां बच्चे होते हैं। उन्होंने कहा कि दो साल के गर्भकाल के बाद एक हथिनी का दो स्वस्थ शावकों को जन्म देना और उनकी देखभाल करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण एवं आश्चर्यजनक है। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना अभयारण्य में जारी संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाती है, और सुरक्षित वन क्षेत्र, पर्याप्त भोजन तथा अनुकूल वातावरण यहां हाथियों की बढ़ती आबादी में सहायक है। इस खबर के बाद गर्जिया पर्यटन क्षेत्र में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है, और वे हाथी परिवार की एक झलक पाने के लिए अभयारण्य आ रहे हैं।

**विजय को बधाई देने पर बोले रजनीकांत**

## मैं राजनीति में नहीं तो जलन क्यों?

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में विजय जीत हासिल की और वहां के मुख्यमंत्री बने। जब विधानसभा चुनावों के नतीजे आए तो सुपरस्टार रजनीकांत तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मिलने गए, इस पर उनकी काफी आलोचना हुई। थलाइवा पर आरोप लगे कि वे विजय को मुख्यमंत्री नहीं बनने देना चाहते थे।


यह भी कहा गया कि उन्होंने जोसेफ विजय को ठीक से बधाई भी नहीं दी। अब इन सभी आरोपों पर रजनीकांत ने चुप्पी तोड़ी है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए रजनीकांत ने कहा कि यह कहना गलत होगा कि वे विजय से जलते हैं। फिर 'थलाइवा' ने उन दावों पर भी बात की कि उन्हें विजय से जलन है। अभिनेता ने कहा कि मैं राजनीति में नहीं हूं। मैंने तो राजनीति पहले ही छोड़ दी है। जब मैं राजनीति में ही नहीं हूं, तो मुझे उनसे जलन क्यों होगी? शायद अगर कमल हासन मुख्यमंत्री बन जाते, तो मुझे थोड़ी जलन हो सकती थी। सुपरस्टार ने हंसते हुए कहा, लेकिन तब भी मुझे जलन नहीं होती। जिसके नसीब में जो लिखा है, वह होगा। थलाइवा ने कहा कि चुनाव नतीजों के बाद मैं स्टालिन से मिला।

## चिंतन

# गर्मी के मौसम में दोहरी सुरक्षा ही बचाएगी जान

गर्मियों का मौसम अब केवल असहनीय तापमान का पर्याय नहीं रह गया है, बल्कि यह आगजनी की घटनाओं का भी भयावह दौर ला रहा है। देशभर में कारों, बसों और ट्रेनों में अचानक आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन हादसों में कई बार लोगों की जान चली जाती है, जबकि करोड़ों रुपये की संपत्ति भी नष्ट हो जाती है। चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश मामलों में कारण प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही और व्यवस्था की कमजोरी होते हैं। रविवार को ही कोटा मंडल में त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के 2 कोच में आग लग गई। हालांकि सभी यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया। तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचते ही आगजनी की घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी होना यह साबित करता है कि हमारी परिवहन व्यवस्था और व्यक्तिगत सतर्कता दोनों में गंभीर खामियां हैं। यह केवल तकनीकी खराबी या महज संयोग नहीं, बल्कि लापरवाही और कमजोर सुरक्षा तंत्र का परिणाम है। ऐसे में जान-माल की रक्षा के लिए 'दोहरी सुरक्षा' अपनाना बेहद जरूरी है। पहली दुर्घटना को रोकना (बचाव) और दूसरी आपातकाल के लिए हमेशा तैयार रहना। गर्मियों में वाहनों में आग लगने के पीछे सबसे बड़ा कारण ओवरहीटिंग है। लगातार एसी चलाने से इंजन और वायरिंग पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। कई लोग समय पर सर्विस नहीं करवाते, जिसके कारण इंजन के भीतर होने वाली खामियां बड़े हादसों को अंजाम देती हैं। लोकल वायरिंग और गलत फिटिंग के कारण शॉर्ट सर्किट की घटनाएं आम हैं। इसके अलावा, कारों में सैनिटाइज़र, परफ्यूम, लाइटर और अन्य ज्वलनशील वस्तुएं छोड़ देना भी आग को निमंत्रण देने जैसा है। भीषण गर्मी में ये पदार्थ विस्फोटक बन सकते हैं। स्थिति केवल निजी वाहनों तक सीमित नहीं है। ट्रेनों में आग लगने की घटनाएं भी लगातार चिंता बढ़ा रही हैं। रेलवे में सफर करने वाले कुछ यात्री नियमों की अनदेखी करते हुए छोटे गैस सिलेंडर, स्टोव और अन्य ज्वलनशील सामग्री साथ ले जाते हैं। थोड़ी सी चूक पूरे डिब्बे को आग की भट्टी में बदल सकती है। इसके अलावा ट्रेनों की पुरानी वायरिंग, ओवरलोडिंग और रखरखाव में लापरवाही भी आग की घटनाओं को बढ़ावा दे रही है। यह केवल व्यक्तिगत गलती नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति गैरजिम्मेदार रवैया है। ऐसे में प्रशासन और आम नागरिक दोनों की जिम्मेदारी तय होती है। रेलवे प्रशासन को स्टेशनों पर सघन जांच अभियान चलाना चाहिए, ताकि कोई भी यात्री ज्वलनशील पदार्थ लेकर ट्रेन में प्रवेश न कर सके। केवल चेतावनी बोर्ड लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि भारी जुर्माना और कानूनी दंड का भय भी होना चाहिए। वाहन मालिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। गर्मियों में नियमित सर्विसिंग, वायरिंग की जांच, कूलेंट का सही स्तर और बैटरी की स्थिति की निगरानी बेहद जरूरी है। साथ ही गाड़ियों में फायर एक्सटिंग्विशर रखना अब विकल्प नहीं, आवश्यकता बन चुका है। सरकार और परिवहन विभाग को भी जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। यदि लोगों को आपात स्थिति में सही प्रतिक्रिया देना सिखाया जाए, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। भीषण गर्मी में बढ़ती आगजनी की घटनाएं चेतावनी हैं कि सुरक्षा को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रशासन की सख्ती, वाहनों की नियमित जांच, रेलवे में सतर्कता और लोगों की जिम्मेदारी ही इन हादसों को रोक सकती है। छोटी लापरवाही बड़ी त्रासदी बन सकती है, इसलिए दोहरी सुरक्षा आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

## सारा संसार



कामाख्या देवी का प्रसिद्ध मंदिर उत्तर पूर्व भारत में असम राज्य की राजधानी गुवाहाटी के पश्चिमी भाग में स्थित नीलाचल पहाड़ी के मध्य में स्थित है। मंदिर में विराजित देवी को माँ कामाख्या या इच्छा की देवी कहा जाता है जो यहाँ आने वाले भक्तो की इच्छा पूर्ति करने के लिए जानी जाती है।

## लक्ष्य

डा. सपना बंसल



# 'विकसित भारत' का सपना देश के युवा वर्ग की मंजिल

वास्को दी गामा ने 20 मई 1498 को कालीकट केरल के कप्पड़ तट के माध्यम से यूरोप से भारत का समुद्री रास्ता खोजा। उस समय भारत दुनिया की न केवल सबसे बड़ी संपन्न अर्थव्यवस्था था अपितु सभ्यता शहरीकरण, तकनीकी, शिक्षा, संस्कृति, व्यापार और जीवन स्तर के मापदंडों पर विश्व में अग्रणी क्षेत्र पर था। अर्थशास्त्री एंगस मैडिसन के मुताबिक साल 1500 में विश्व की जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी 24.4% थी। कहने का तात्पर्य यह है कि भारत सदैव ही एक विकसित साम्राज्य रहा था, परंतु पहले पुर्तगालियों ने और फिर अंग्रेजों ने हिंदुस्तान की मासूमियत और सादगी का न केवल व्यापारिक फायदा उठाया, कदाचित एक संपूर्ण, संपन्न अर्थव्यवस्था को अपने निहित स्वार्थ के लिए तहस-नहस कर दिया। 1947 में भारत आजाद हुआ, उस समय 200 साल के औपनिवेशिक शोषण के बाद हालात बेहद कमजोर हो गए। जहां साल 1850 तक दुनिया का 25% कपड़ा भारत बनाता था, 1947 तक आते-आते कपड़े आयात करने लगा। 70 से 80 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे आ गई। अंग्रेज रेल, डाकघर, कारखाने भारत में लाए, लेकिन केवल अपने फायदे के लिए। उन्होंने 54000 किलोमीटर की रेल पटरियां बिछवाई पर वह उद्योगों को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि कच्चा माल बंदरगाह पर ले जाने के लिए। विश्व में भारत का हिस्सा जीडीपी 24.4% था, जो 1947 तक आते-आते 3% रह गया। साल 1498 का संपन्न भारत 1947 तक आते-आते लूट-पिट कर खाली हो चुका था। अंग्रेजों ने न सिर्फ भारत का सोना-चांदी और पैसा लूटा, उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था, शिक्षा ,संस्कृति को तहस-नहस कर डाला। भारत ने 1956 में अपनी पहली औद्योगिक नीति के साथ विकास की नींव रखी, जिसे साल 1980 में अपनी दूसरी संशोधित औद्योगिक नीति के साथ अर्थव्यवस्था को सुधारने के प्रयास कर गए, परंतु 1990 तक आते-आते कोई ज्यादा बदलाव हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था में नहीं हुआ। असली बदलाव या औद्योगिकरण में क्रांति 1991 की नई औद्योगिकरण नीति के साथ हुआ, जिसमें पूर्ण उदारीकरण किया गया। लाइसेंस राज खत्म कर आयात-निर्यात के लिए विदेशी बाजार को पूर्ण रूप से भारत में लाया गया। विकसित भारत 2047 का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2022 को 76वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से देश को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश को एक लक्ष्य दिया। 'विकसित भारत 2047' का सपना अब केवल किसी राजनीतिक पार्टी का विजन नहीं, अपितु पूरे भारतवर्ष के युवा वर्ग की मंजिल है। इसे हम वोकल फॉर लोकल, स्टार्टअप्स, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया के माध्यम से आसानी से हासिल कर सकते हैं। आजादी के 100 साल पूरे होते-होते दुनिया को दिखाना है कि जिस घरौंदे को विदेशी ताकतों ने 200 साल में उजाड़ा था, वह 100 साल में पहले से ज्यादा मजबूत बनकर खड़ा हो गया। विकसित भारत का लक्ष्य 1947-2047 का ही नहीं, अपितु यह सफर अंग्रेजों के उजाड़े हुए घरौंदे को फिर से बसाने का सफर है। लक्ष्य कोई भी हो, प्रयास अनूठे होने चाहिए, फिर चाहे वह मनुष्य को अपनी मंजिल तक पहुंचाने का हो या देश को विकसित बनाने का लक्ष्य हो।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# व्यापारिक साझेदारी की ऊंची उड़ान



भारत-यूएई
अरविंद जयतिलक

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाकर व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाई दी है। यूएई की कंपनियों द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया गया है। यह पहल भारत के विकास के प्रति यूएई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दोनों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत करने पर हामी भरी है। इसके तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रक्षिक्षण, सैन्य सहयोग, समुद्री सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष रूप से सहमति बनी। यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी व व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई की यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाकर व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाई दी है। यूएई की कंपनियों द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया गया है। यह पहल भारत के विकास के प्रति यूएई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूत करने पर हामी भरी है। इसके तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रक्षिक्षण, सैन्य सहयोग, समुद्री सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष रुप से सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच जहाज निर्माण और कौशल विकास पर भी समझौते हुए हैं। दोनों देश सुपर कंप्यूटिंग और डिजिटल व्यापार क्षेत्र में भी एक-दूसरे की मदद करेंगे। गौरतलब है कि वर्ष के प्रारंभ में दोनों देश एफएटीएफ अर्थात फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के फ्रेमवर्क के तहत मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी और आतंकवाद फाइनेंस के तहत सहयोग पर पहले ही सहमति जता चुके हैं।

दोनों देश रक्षा, एआई डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, अंतरिक्ष और निवेश में भी एक-दूसरे से कंधा जोड़े हुए हैं। उम्मीद है कि वर्ष 2032 तक दोनों देशों के साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंच जाएंगे। आज की तारीख में दोनों देशों के बीच एक सौ अरब डॉलर से अधिक का कारोबार हो रहा है। यूएई गुजरात के धोलेरा में मेगा निवेश के साथ गिफ्ट सिटी में फर्स्ट आबूधाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड का ऑफिस बनाने को तैयार है। गौर करें तो दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्ते लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं और समय की कसौटी पर खरे हैं। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा के दौरान भी दोनों देश आर्थिक क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए अपनी करेंसी रुपये और दिरहम में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए थे। आरबीआई और संयुक्त अरब अमीरात के सेंट्रल बैंक के बीच संपन्न हुए समझौते के तहत दोनों बैंक एक फ्रेमवर्क तैयार करने पर सहमति जाहिर कि जिसमें क्रॉस-बार्डर ट्रांजेक्शन के लिए लोकल करेंसी का इस्तेमाल होगा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच इतने अधिक मधुर संबंध हैं कि तब प्रिंस रहे मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद' से नवाजा और उन्हें अपना भाई बताते हुए 'अपने दूसरे घर' आने के लिए आभार जताया था। तब राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा समेत दुबई फ्रेम, एडनॉक बिल्डिंग एवं एमिरेट्स पैलेस को तिरंगे के रंग से रंग दिया था। गौर करें तो दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक, राजनीतिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से अरब देश सदैव ही भारत की विदेश नीति में विशिष्ट महत्व का विषय व केंद्र बिंदू रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलुओं को प्रभावित करता है और इसी को ध्यान में रख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात से निर्णायक संबंध जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि इस क्षेत्र में नए क्षेत्रीय कुटनीतिक-आर्थिक संबंध तेजी से बनते-बिगड़ते रहे हैं।



इन परिस्थितियों के बीच संयुक्त अरब अमीरात की भारत से बढ़ती प्रगाढ़ता अति महत्वपूर्ण है। अच्छी बात है कि संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सके। अच्छी बात यह है कि भारत और यूएई दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा सहयोग बना हुआ है। याद होगा कि फरवरी 2007 में बंगलौर में आयोजित किए गए 'एयरो इंडिया शो' में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपने अधिकारियों को भेजा था। जून 2003 में द्विपक्षीय प्रतिरक्षा आदान-प्रदान के लिए संयुक्त प्रतिरक्षा सहयोग समिति यानी ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के गठन के लिए एक मसौदे पर हस्ताक्षर भी किए गए। भारतीय नौसेना के पोतों ने संयुक्त अरब अमीरात की अनके सदभावना यात्राएं की। मौजूदा समय में भी तटरक्षक स्तर पर भी दोनों के बीच सहयोग बना हुआ है। ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के प्रावधानों के अनुसार मार्च 2007 में आयोजित हुई इसकी पहली बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की पांच सदस्यीय प्रतिरक्षा टीम एंटी एयरक्रॉफ्ट गन एल-70 के जांच के लिए भारत आई। इससे साफ संकेत मिला कि संयुक्त अरब अमीरात की भारतीय प्रतिरक्षा हार्डवेयर के प्रति अभिरुचि है। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उदाहरण के लिए दोनों देशों ने प्रत्यपर्ण संधि, आपराधिक एवं सिविल मामलों में आपसी विधिक सहायता संधि, सिविल एवं वाणिज्यिक मामलों में सहयोग के लिए विधिक एवं न्यायिक समझौता किया जो सन 2000 से ही लागू है। इस संधि के तहत दोनों देश अपराधियों के हस्तांतरण के अलावा आपसी विधिक सहायता को मूर्त रूप दे सकते हैं। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सन 2000 में अमीरात न्यूज एजेंसी तथा प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बीच समझौता हुआ। साथ ही प्रत्यायन गतिविधियों में तकनीकी सहयोग के लिए ईएसएमए तथा नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के बीच समझौते हुए। इतिहास पर दृष्टि डालें तो इस क्षेत्र से भारत का सामाजिक व व्यापारिक संबंध शताब्दियों का रहा है। जानकारी मिलती है कि भारत से मसाले व कपड़े अमीरात क्षेत्र को और अमीरात क्षेत्र से मोती व खजूर भारत को भेजे जाते रहे हैं।

चूंकि पश्चिमी तट विशेष रूप से मालाबार तट में भारत के व्यापारिक अड्डे शारजाह एवं दुबई हैं, इस नाते भी दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंधों में मिठास बनी हुई है। उसी का नतीजा है कि आज संयुक्त अरब अमीरात में तकरीबन पैंतीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं। गौर करें तो अरब देशों में संयुक्त अरब अमीरात एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक हब है तथा साथ ही सिंगापुर एवं हांगकांग के बाद विश्व में तीसरा प्रमुख पुनर्निर्यातक केंद्र भी। यही वजह है कि यह इराक, ईरान, सीआइएस देशों तथा अफ्रीका आदि बाजारों के लिए स्रोत केंद्र बना हुआ है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर से अधिक है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित

## दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

# दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित

## प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### बढ़ती कीमतों के लिए कौन जिम्मेदार?

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बाद से ही देशभर में लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। इस बढ़ोतरी का सीधा असर हमारी रोजमर्रा की जिंदगी और जेब पर पड़ने वाला है। अब तो हर चीज के दाम बढ़ेंगे, जिससे आम आदमी को अपना जीवनयापन करना मुश्किल हो जाएगा। महंगाई बढ़ने से जनता का मासिक बजट बिगड़ जाता है। जरूरी वस्तुओं की खरीदारी में भी कटौती करनी पड़ती है और बचत में भी कमी आती है। आम जनता पर तो महंगाई की चौतरफा मार पड़ती है। मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट तो बिगड़ ही जाता है, लेकिन गरीब आदमी का तो जीना ही मुहाल हो जाता है। सरकार को मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखकर महंगाई पर नियंत्रण करने के उचित प्रयास करने चाहिए।

*- संजय खोखर, रोहतक*

## ट्रेंड

### नशा मुक्त भारत



मोदी सरकार 'नशा मुक्त भारत' के लिए प्रतिबद्ध है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 'ऑपरेशन रेजपिल' के माध्यम से हमारी एजेंसियों ने पहली बार कैप्टागन नामक तथाकथित "जिहादी ड्रग" की 182 करोड़ रुपये की खेप जब्त की है।

**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### सड़कों का कायापलट



असम की सड़कें न सिर्फ इंस्टाग्राम पर शेयर करने लायक हैं, बल्कि ये आपको कुछ सबसे अनोखे स्थलों से भी जोड़ती हैं। शानदार असम को देखने और हमारी सड़कों के कायापलट का प्रत्यक्ष अनुभव करने के लिए, जल्द ही इस प्रदेश की यात्रा की योजना बनाएं।

**- हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### जन कल्याण का संकल्प



जुझारू नेताओं और कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही सामाजिक न्याय का शासन आएगा, जो भेदभाव को समाप्त करेगा और सभी के लिए प्रगति और समृद्धि लाएगा। जन कल्याण का संकल्प ही हमारे संघर्ष की शक्ति है।

**- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

### सांस्कृतिक विरासत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को गौरवपूर्वक पुनर्जीवित कर रहा है और विश्व को यह संदेश दे रहा है कि अपनी जड़ों से जुड़ा राष्ट्र ही सबसे दृढ़ और आत्मविश्वासी होता है।

**-बांसुरी स्वराज,** सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर


# कनाडा में क्रूज से लौटे यात्री में हंता वायरस के लक्षण मिले



एमवी होंडियस क्रूज पर हंटा वायरस संक्रमण फैलने के बाद अपने घर लौटे कनाडा के चार नागरिकों में से एक में शुरुआती जांच में संक्रमित होने के संकेत मिले हैं। कनाडा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ब्रिटिश कोलंबिया की जनस्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बॉनी हेनरी ने बताया कि विनिपेग स्थित राष्ट्रीय प्रयोगशाला से अंतिम पुष्टि संबंधी रिपोर्ट सप्ताहांत तक आने की संभावना है। उन्होंने कहा, हमें इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं थी, लेकिन हम स्थिति से निपटने के लिए तैयार थे। दंपति में से एक में दो दिन पहले हल्के लक्षण दिखाई देने शुरू हुए। सत्ता वर्षीय व्यक्ति को बुखार और सिरदर्द जैसी शिकायतें थीं। फिलहाल दोनों को विक्टोरिया के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हेनरी ने बताया कि मरीज की हालत स्थिर है और लक्षण फिलहाल हल्के हैं। उन्हें अस्पताल में अलग निगरानी में रखा गया है। दूसरे सदस्य में बेहद मामूली लक्षण पाए गए, लेकिन जांच में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, कम से कम राहत की बात यह है कि लक्षणों का समय रहते पता चल गया। दोनों को अगले कई दिन तक निगरानी में रखा जाएगा। एमवी होंडियस जहाज पर हंटा वायरस का प्रकोप शुरू होने के बाद से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

## ऑफ बीट

# अब उम्र तय करने में जीन की भूमिका पहले से अधिक



शोध के अनुसार, आज के दौर में जीवनकाल में जीन का योगदान पहले की तुलना में कहीं अधिक दिखाई देता है। इसके पीछे कारण यह नहीं है कि जीन अचानक ज्यादा प्रभावशाली हो गए हैं, बल्कि यह है कि बीते एक शताब्दी में मृत्यु के कारणों में बड़ा बदलाव आया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एक सदी पहले बड़ी संख्या में लोग दुर्घटनाओं, संक्रमणों और अन्य बाहरी कारणों से मर जाते थे। वैज्ञानिक इन्हें 'बाह्य कारण' कहते हैं। इसके विपरीत, आज विकसित देशों में अधिकांश मौतें 'आंतरिक कारणों' से होती हैं, जैसे उम्र बढ़ने से जुड़ी बीमारियां- हृदय रोग, डिमेंशिया और अन्य रोग। अधिक स्पष्ट तस्वीर के लिए शोध दल ने स्कैंडिनेवियाई देशों में जुड़वां बच्चों के बड़े समूहों का अध्ययन किया। इसमें दुर्घटनाओं और संक्रमणों से हुई मौतों को अलग कर दिया गया। इसके अलावा अमेरिका में अलग-अलग पले-बढ़े जुड़वां बच्चों और सौ साल से अधिक उम्र तक जीने वाले लोगों के भाई-बहनों का भी विश्लेषण किया गया। जब बाहरी कारणों से होने वाली मौतों को अलग कर देखा गया, तो जीवनकाल में जीन का अनुमानित योगदान 20-25 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 50-55 प्रतिशत तक पहुंच गया। शोधकर्ताओं के अनुसार, यह पैटर्न विभिन्न बीमारियों में भी दिखाई देता है।

## हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

शाम 7.30 बजे से अभिषेक और सैमसन का आमना-सामना

# प्लेऑफ में एंट्री के लिए चेन्नई और हैदराबाद में आज कांटे की टक्कर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अब तक अधिकतर मैचों में अपने बल्लेबाजों के दम पर जीत हासिल करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग में आमने-सामने होगी तो बल्लेबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना अधिक रहेगी।

प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए इन दोनों टीम के लिए यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। हैदराबाद हालांकि चेन्नई की तुलना में बेहतर स्थिति में है। उसके 12 मैच में 14 अंक है और अभी वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। चेन्नई की टीम के 12 मैच में 12 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है।

### सनराइजर्स को दिखाने होंगे पुराने तेवर

जहां तक सनराइजर्स की बात है तो कभी उसकी बल्लेबाजी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत नजर आती है लेकिन कभी वह फिसड्डी साबित हो जाती है जैसा कि पिछले मैच में हुआ। गुजरात टाइटंस के खिलाफ 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी पूरी टीम 86 रन पर आउट हो गई थी। सनराइजर्स को उस शर्मनाक प्रदर्शन को भुलाकर जल्द से जल्द अपने पुराने तेवर दिखाने होंगे। इसके लिए जरूरी है कि अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और इशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें। अब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले हेनरिक क्लासेन भी पिछले मैच में नहीं चल पाए थे।



### सैमसन, गायकवाड और पटेल को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अब तक जब भी अच्छा प्रदर्शन किया तब टीम को जीत मिली। ऐसे में उसकी संभावना बरकरार रखने के लिए संजू सैमसन, रुतुराज गायकवाड, उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में इनमें से केवल कार्तिक ने ही अच्छा प्रदर्शन किया था। उनके अलावा शिवम दुबे ने अंतिम ओवरों में आक्रामक पारी खेली थी लेकिन उसके गेंदबाज 188 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाए थे। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने इससे पहले अपनी विकेट लेने की योग्यता का अच्छा नमूना पेश किया था लेकिन पिछले मैच में उन्होंने केवल 2.4 ओवर में 63 रन लुटा दिए थे। उनका इकोनॉमी रेट 23.62 रहा जो टी20 क्रिकेट में कम से कम 15 गेंद करने वाले गेंदबाज का सबसे खराब प्रदर्शन है। उन्हें शीघ्र अपनी लय हासिल करनी होगी।

### चेपॉक में शिवांग की भूमिका अहम

जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो उसके कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस किफायती साबित हुए हैं लेकिन इशान मलिंगा पिछले मैच में महंगे साबित हुए थे। चेपॉक की धीमी पिच पर उसके स्पिनर शिवांग कुमार की भूमिका भी अहम होगी। इन दोनों टीम के बीच, जो पिछला मैच खेला गया था उसमें सनराइजर्स ने 10 रन से जीत हासिल की थी और वह उससे प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 13 | 9 | 4 | 18 |
| गुजरात | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 |
| राजस्थान | 12 | 6 | 6 | 12 |
| चेन्नई | 12 | 6 | 6 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| लखनऊ | 12 | 4 | 8 | 8 |



ऑरेंज कैप — साई सुदर्शन — 554 रन — गुजरात

पर्पल कैप — भुवनेश्वर कुमार — 24 विकेट — बेंगलुरु

### खबर संक्षेप

#### भारत एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 11वें स्थान पर रहा

**गांधीनगर।** भारत रविवार को यहां संपन्न सीनियर एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 11 पदक के साथ पदक तालिका में 11वें स्थान पर रहा जबकि महिला टीम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर रही। भारत ने एक रजत और 10 कांस्य पदक जीते। चीन 21 स्वर्ण, 12 रजत और आठ कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा। उत्तर कोरिया 30 पदक (18 स्वर्ण, 11 रजत, 1 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि चीनी ताइपे ने तीन स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारत महिला टीम रैंकिंग में 487 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। चीन 578 अंक के साथ महिला टीम रैंकिंग में शीर्ष पर रहा। चीनी ताइपे (491 अंक) ने दूसरा स्थान हासिल किया। चीन पुरुषों की टीम रैंकिंग में भी 593 अंक के साथ शीर्ष पर रहा। भारत 379 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रहा। प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय भारोत्तोलन महासंघ की विज्ञप्ति के मुताबिक इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में 25 विश्व रिकॉर्ड टूटे और 27 नए एशियाई रिकॉर्ड बने।

#### तीसरे दौर में अवनि ने किया संघर्ष, प्रणवी बाहर



**हैम्बर्ग।** अवनि प्रशांत को लेडीज यूरोपियन टूर के अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा, जहां उन्होंने 81 का स्कोर बनाकर लीडरबोर्ड में अपनी स्थिति कमजोर कर ली। अवनि ने टूर्नामेंट की शुरुआत 78 के स्कोर से की थी, लेकिन दूसरे राउंड में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए चार अंडर 69 का स्कोर बनाया और आसानी से कट हासिल कर लिया था। वह कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थीं, क्योंकि प्रणवी उर्स कट में जगह नहीं बना पाई थी जबकि वाणी कपूर ने पहले राउंड में 83 का स्कोर बनाकर टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। अवनि का कुल स्कोर अब 9 ओवर पर है और वह काफी नीचे खिसक गई है। इस बीच जर्मनी की एलेक्जेंड्रा फोर्स्टरलिंग ने अंतिम दिन से पहले दो शॉट की बढ़त हासिल कर ली है।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने किंग्स को 23 रन से हराया

# प्ले ऑफ में आरसीबी, पंजाब की छठी हार

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

वेंकटेश अय्यर और विराट कोहली के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर प्ले ऑफ में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बनी। लगातार तीसरी जीत के साथ बेंगलुरु की टीम के 13 मैच में 18 अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर बरकरार है। लगातार छठी हार के बाद पंजाब की टीम 13 मैच में 13 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शशांक सिंह (56 रन, 27 गेंद, 4 छक्के, 4 चौके) के अर्धशतक और मार्कस स्टोइनिस (37 रन, 25 गेंद, 5 चौके) के साथ उनकी 6 विकेट की 67 रन की साझेदारी के बावजूद पंजाब की टीम 8 विकेट पर 199 रन ही बना सकी। कूपर कोनोली (37) और सूर्यांश शेडगे (35) ने भी उपयोगी पारियां खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। बेंगलुरु की ओर से रसिक सलाम ने 36 रन देकर तीन जबकि भुवनेश्वर कुमार ने 38 रन देकर 2 विकेट चटकाए।



### कोहली ने 9वीं बार किए आईपीएल में 500 रन पूरे

आरसीबी के स्टार बैटर विराट कोहली ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में 16वां रन बनाते ही बड़ा मुकाम हासिल किया। कोहली ने आईपीएल के 19वें सीजन में भी 500 से ज्यादा रन पूरे कर लिए हैं। वह मौजूदा सीजन में 500 रन का आंकड़ा छूने वाले तीसरे बैटर बन गए हैं। उनसे पहले हेनरिक क्लासेन और साई सुदर्शन ने इस सीजन में ये कारनामा हासिल किया है।

इतना ही नहीं, ये रिकॉर्ड 9वीं बार रहा, जब आईपीएल के सीजन में विराट कोहली ने 500 से ज्यादा रन बनाए। वह ऐसा करने वाले दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं, जिन्होंने आईपीएल में 9 सीजन 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस मामले में डेविड वॉर्नर और केएल राहुल को उन्होंने पछाड़ दिया, जिन्होंने 7-7 बार एक सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाए हैं।

### वेंकटेश और कोहली ने खेली अर्धशतकीय पारी

बेंगलुरु की टीम ने वेंकटेश (नाबाद 73, 40 गेंद, 8 चौके, 4 छक्के) की कोहली (58 रन, 37 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 और टिम डेविड (12 गेंद में 28 रन, दो छक्के, दो चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 222 रन बनाए। कोहली ने कप्तान देवदत्त पडिक्कल (45) के साथ दूसरे विकेट के लिए 76 जोड़कर टीम को ठोस मंच प्रदान किया। पंजाब की ओर से हरप्रीत बरार सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 35 रन देकर 2 विकेट चटकाए। अर्शदीप सिंह (43 रन पर एक विकेट) और युजवेंद्र चहल (42 रन पर एक विकेट) को एक-एक विकेट मिला।



# राजस्थान की लगातार तीसरी हार, दिल्ली 5 विकेट से जीती

### केएल राहुल-अभिषेक के अर्धशतक, स्टार्क को 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली ने प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी

मिचेल स्टार्क के चार विकेट के बाद आखिरी ओवरों में आशुतोष शर्मा के पांच गेंद में नाबाद 18 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराकर प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी है। जीत के लिये 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को आखिरी दो ओवर में 19 रन की जरूरत थी और इंपैक्ट सब आशुतोष ने 19वें ओवर में बृजेश शर्मा को छक्का और आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों में एडम मिल्ने को चौका और छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के बाद दिल्ली 13 मैचों में 12 अंक लेकर सातवें स्थान पर आ गई है जबकि रॉयल्स 12 मैचों में 12 अंक लेकर छठे स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के भी 12 मैचों में 12 अंक है लेकिन बेहतर रनरेट के आधार पर वह पांचवें स्थान पर है। इससे पहले स्टार्क के चार गेंद में तीन विकेट के बूते आखिरी ओवरों में वापसी करते हुए दिल्ली ने अपने घरेलू मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट पर 193 रन पर रोक दिया। एक समय पर लग रहा था कि रॉयल्स 230 के आसपास पहुंच जायेगी लेकिन सीम और स्विंग के महारथी आस्ट्रेलियाई धुरंधर स्टार्क ने 15वें ओवर में आक्रामक खेल रहे रॉयल्स के कप्तान रियान पराग (26 गेंद में 51) और डोनोवन फरेरा (0) को लगातार गेंद पर आउट किया जबकि रवि सिंह (चार) भी पगबाधा आउट हुए।

# बांग्लादेश की स्थिति मजबूत पाकिस्तान पहली पारी में पिछड़ा



एजेंसी ▶▶| सिलहट

■ बांग्लादेश ने 3 विकेट पर बनाए 110 रन

पाकिस्तान के खिलाफ सिलहट में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन की समाप्ति के समय बांग्लादेश ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रविवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय बांग्लादेश ने 3 विकेट पर 110 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 156 रन की कर ली थी। बांग्लादेश को पहली पारी में 46 रन की बढ़त मिली थी। बांग्लादेश की दूसरी पारी की शुरुआत निराशाजनक रही थी। टीम ने तंजीद हसन के रूप में पहला विकेट 15 के स्कोर पर खो दिया था, लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए मोमिनुल हक और महमुदुल हसन जॉय ने तेजी से रन बनाए।

# गोल्ड से चूके सात्विक और चिराग, 53 मिनट चले फाइनल में इंडोनेशियाई से हारे

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने रविवार को खेले गए फाइनल में चार चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए लेकिन आखिर में उन्हें थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग को इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट तक चले मैच में 12-21 23-25 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग ने 2019 और 2024 में खिताब जीता था। यह सात्विक और चिराग के खिलाफ इंडोनेशियाई जोड़ी की पहली जीत भी है। इससे पहले इन दोनों जोड़ियों के बीच खेले गए सभी चार मैच भारतीय जोड़ी ने जीते थे।




### हमें सकारात्मक को होकर खेलने की जरूरत : सात्विक

इस हार के बावजूद सात्विक दोनों खिलाड़ियों की प्रगति से खुश थे। उन्होंने कहा, 'आज को छोड़कर मैं इस सप्ताह के हमारे खेल से खुश हूं। अब यह शारीरिक से ज्यादा मानसिक है। हमें खुद पर भरोसा रखना होगा। हमें सकारात्मक को होकर खेलने की जरूरत है। अब चीजें हमारे पक्ष में काम करने लग गई है और जल्द ही हम जीतने वाली टीम बन जाएंगे।' सात्विक ने स्वीकार किया कि पहले गेम में पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी को तेज शटल और इंडोनेशिया की आक्रामक खेल शैली के अनुकूल होने में समय लगा। सात्विक ने कहा, ' प्रतियोगिता के बाकी मैच की तुलना में आज शटल काफी तेजी से आ रही थी और उससे तालमेल बिठाना आसान नहीं था।'

इटालियन ओपन

# स्वितोलिना बनीं चैंपियन, 8 साल बाद जीता बड़ा खिताब



एजेंसी ▶▶| रोम

■ एलिना ने 3 घंटे तक चले मैच में कोको गॉफ को हराया

एलिना स्वितोलिना ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में कोको गॉफ को हराकर तीसरी बार इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वितोलिना ने लगभग 3 घंटे तक चले मैच में गॉफ को 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराया। यह 2018 में इटालियन ओपन जीतने के बाद उनका पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है। यूक्रेन की इस खिलाड़ी ने 2017 में भी यहां खिताब जीता था।

### विश्वास करना बहुत मुश्किल : स्वितोलिना

स्वितोलिना ने अपने करियर का 20वां खिताब जीतने के बाद कहा, 'यह विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि 8 साल हो गए जब मैंने इससे पहले यहां ट्रॉफी जीती थी। मैं निश्चित रूप से यहां बिताए दो सप्ताह से बहुत खुश हूं।'

# बायर्न म्यूनिख ने दागे 122 गोल, जीती बुंडेसलिगा ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

बायर्न म्यूनिख ने एक सत्र में सर्वाधिक 122 गोल करने के नए रिकॉर्ड के साथ जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा का खिताब जीता। हैरी केन की इस सत्र की चौथी हैट्रिक की मदद से बायर्न ने कोलोन पर 5-1 से शानदार जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। उसकी तरफ से इस मैच में टॉम बिशोफ और निकोलस जैक्सन ने भी गोल किए। केन ने इस सत्र में 36 गोल किए, जो 2020-21 में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के लीग रिकॉर्ड से पांच कम हैं। बुंडेसलिगा के एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड इससे पहले भी बायर्न के नाम पर ही था। उसने 1971-72 में 101 गोल किए थे। तब फ्रांज बेकेनबॉयर और गेर्ड मुलर जैसे खिलाड़ी उसकी तरफ से खेला करते थे।



# सुपर शतरंज क्लासिक : प्रज्ञाननंदा ने खेला ड्रा, बनाई संयुक्त बढ़त

एजेंसी ▶▶| बुखारेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेलकर सुपर शतरंज क्लासिक के तीसरे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए रखी। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर्नामेंट का हिस्सा है। पिछले दौर में उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को हराने वाले प्रज्ञाननंदा के दो अंक हो गए हैं। वह फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट, अनीश गिरी और कीमर के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। इस टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें से आधे खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना और वेस्ली सो दोनों ने अपने सभी मैच ड्रॉ किए हैं और उनके 1.5 अंक हैं। ईरानी मूल के फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेज़ा फ़िरोजा और स्थानीय स्टार डिएक बोगदान-डैनियल दोनों के आधा-आधा अंक हैं।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




### पीएम के नीदरलैंड दौरे पर ट्रेड, डिफेंस और टेक्नोलॉजी कई मुद्दों पर बनी बात

# आतंकवाद व वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर हुई चर्चा व्यापार समेत 17 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बदलते वैश्विक हालात और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत और नीदरलैंड ने अपने रिश्तों को नई ऊंचाई देते हुए उन्हें स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटन के बीच हुई बातचीत के दौरान दोनों देशों ने रक्षा, क्रिटिकल मिनरल्स, सेमीकंडक्टर और कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। बैठक में दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इससे वैश्विक ऊर्जा सप्लाई और व्यापार नेटवर्क पर गंभीर असर पड़ रहा है। दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही और वैश्विक व्यापार को बिना रुकावट जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने किसी भी तरह के प्रतिबंधात्मक कदम का विरोध किया। दरअसल, दुनिया की करीब 20% ऊर्जा सप्लाई इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद यहां तनाव काफी बढ़ गया है।

## पीएम मोदी और नीदरलैंड के पीएम की बैठक में दोनों देशों ने पार्टनरशिप का दर्जा दिया

## सेमीकंडक्टर और क्रिटिकल मिनरल्स पर बढ़ेगा सहयोग

**भारतीयों को नौकरी और पढ़ाई में मिलेगा फायदा**

**भारत के लिए यूरोप का बड़ा गेटवे है नीदरलैंड**



### आतंकवाद के खिलाफ भारत को पूरा समर्थन

*दोनों नेताओं ने कहा कि बातचीत और कूटनीति के जरिए स्थायी और न्यायपूर्ण शांति की कोशिश जारी रहनी चाहिए। बैठक के बाद दोनों देशों ने स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप रोडमैप लॉन्च किया। इसका मकसद व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। इसके साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन डेवलपमेंट रोडमैप भी शुरू किया गया। दोनों देशों ने रक्षा उपकरणों के संयुक्त निर्माण, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और जॉइंट वेंचर पर भी साथ काम करने पर सहमति जताई। नीदरलैंड यूरोप में भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच व्यापार 27.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वहीं, नीदरलैंड भारत में चौथा सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। रॉटरडैम पोर्ट के जरिए नीदरलैंड भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोप का अहम प्रवेश द्वार भी माना जाता है। दोनों देशों के बीच माइग्रेशन और मोबिलिटी समझौता भी हुआ है. इससे भारतीय छात्रों और प्रोफेशनल्स के लिए नीदरलैंड में नौकरी और पढ़ाई के ज्यादा अवसर खुल सकते हैं। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटन ने अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की ।*

### नीदरलैंड से सीखने लायक है वाटर मैनेजमेंट: मोदी

नीदरलैंड दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को डच प्रधानमंत्री रॉब जेटेन के साथ विश्व प्रसिद्ध अफ्सलाउटडाइक डैम का दौरा किया। इस दौरान भारत और नीदरलैंड के बीच वाटर मैनेजमेंट, फ्लड कंट्रोल, क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से निपटने और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी की नीदरलैंड की यह यात्रा उनकी चार देशों की यूरोप यात्रा का हिस्सा है, जिसमें स्वीडन, नॉर्वे और इटली भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अफ्सलाउटडाइक डैम के दौरे के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वाटर मैनेजमेंट के क्षेत्र में नीदरलैंड ने दुनिया के सामने एक मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को नीदरलैंड के अनुभव और तकनीक से सीखने की जरूरत है. पीएम मोदी ने कहा कि भारत वाटर मैनेजमेंट के इस आधुनिक तकनीक को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सिंचाई व्यवस्था को मजबूत किया जा सके, बाढ़ से सुरक्षा सुनिश्चित हो और इनलैंड वाटर नेटवर्क का विस्तार किया जा सके।भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफ्सलाउटडाइक डैम सिर्फ एक इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि इनोवेशन और विजन का प्रतीक है।



### भारत-नीदरलैंड संबंधों में प्रगति

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत-नीदरलैंड संबंधों में काफी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच लोकतांत्रिक मूल्य, बाजार आधारित अर्थव्यवस्था और जिम्मेदार व्यवहार जैसी कई समानताएं हैं। मोदी ने कहा कि नीदरलैंड की विशेषज्ञता और भारत की स्पीड और स्किल मिलकर कई क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकती हैं।

### श्रीनगर में करवाया हेयर ट्रांसप्लांट, एनआईए जांच में खुलासा

# आतंक का मिशन भूल नया लुक बनाने में जुटे लश्कर के आतंकी

**आतंकी कई बार क्लिनिक में रातभर भी रुका और इलाज कराया**

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम देने और स्लीपर सेल तैयार करने के मकसद से भारत में घुसपैठ करने वाला लश्कर-ए-ताइबा का एक पाकिस्तानी आतंकी श्रीनगर में हेयर ट्रांसप्लांट करवाने में जुट गया।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) इस पूरे मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आतंकी मोहम्मद उस्मान जट्ट उर्फ 'चाइनीज' पाकिस्तान के लाहौर का रहने वाला है और लश्कर-ए-ताइबा का प्रशिक्षित आतंकी है। उसने पूछताछ में बताया कि उसे भारत में आतंकी हमले करने और स्लीपर नेटवर्क खड़ा करने के निर्देश दिए गए थे। जांच में सामने आया कि कश्मीर में आने के बाद उसने यहां की सामान्य जिंदगी को उन बातों से बिल्कुल अलग पाया, जो उसे आतंकी प्रशिक्षण शिविरों में बताई गई थीं।



### श्रीनगर पुलिस बीते माह अबू को पकड़ा था

जांच एजेंसियों के मुताबिक, जट्ट फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट बनवाकर भारत से भागने की योजना बना रहा था। पूछताछ के दौरान उसके खुलासों के आधार पर श्रीनगर और उत्तर कश्मीर में सक्रिय लश्कर के ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के नेटवर्क का भी पर्दाफाश हुआ है। श्रीनगर पुलिस ने पिछले महीने मोहम्मद उस्मान जट्ट को अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा के साथ गिरफ्तार किया था।

## यूक्रेन का रूस पर हमला 1 भारतीय समेत 4 की मौत

**मॉस्को।** यूक्रेन ने शनिवार रात रूस के कई इलाकों पर 1000 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 1 भारतीय भी शामिल है।रूस में भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास के मुताबिक 3 भारतीय घायल भी हैं। अधिकारियों ने हमले की जगह का दौरा किया और अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात भी की। अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। रूस के अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमले में मॉस्को में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि यूक्रेन सीमा से लगे बेलगोरोद इलाके में एक और व्यक्ति की जान गई। मॉस्को में कुल 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें तेल रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। कीव इंडिपेंडेंस की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन ने मॉस्को में सैन्य और ईंधन से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें एंगस्ट्रेम प्लांट शामिल है, जो रूस की सेना के लिए सेमीकंडक्टर बनाता है। इसके अलावा मॉस्को ऑयल रिफाइनरी, सोलनेचनोगोर्स्क और वोलोडार्स्कोये ईंधन स्टेशन को भी निशाना बनाया गया।

### अमृत भारत स्टेशन योजना से पुनर्विकास

## बेंगलुरु-मुंबई एक्सप्रेस में हरी स्लीपर सेवा जल्द होगी शुरू

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

केंद्रीय रेल मंत्री शअश्विनी वैष्णव ने रविवार को बेंगलुरु–मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल से कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच रेल संपर्क और मजबूत होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में रेलवे राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना सहित कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। रेल मंत्री ने घोषणा की कि बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सेवा यात्रियों के लिए तेज, आरामदायक और आधुनिक रेल यात्रा का नया विकल्प बनेगी।






Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Haryana. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382;**PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 7056259000; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990: **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9253388773; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**